# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024


## छग में चार नए केन्द्रीय विद्यालय, पीएम का आभार



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में चार नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। नए स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा और जांजगीर-चांपा जिले के हसौद में प्रारंभ होंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नये केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय विद्यालय अभिनव शिक्षण पद्धति और नवीनतम अधोसंरचना को लेकर लोकप्रिय है। छत्तीसगढ़ में इन विद्यालयों के प्रारंभ होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।






**फिर बवाल : हरियाणा में एंट्री की कोशिश पर हुआ संघर्ष, सीमा पर अब भी डेरा**

# हिंसक होते-होते बचा किसान आंदोलन, अश्रुगैस से 6 घायल, किसानों ने दिया 24 घंटे का समय

*दिल्ली कूच कर रहे किसानों ने शंभू बॉर्डर के जरिये हरियाणा में एंट्री करने की कोशिश की जिस पर काफी बवाल होने के बाद बैरिकेड तोड़ रहे किसानों पर पुलिस ने आंसू गैस छोड़े। इसमें 6 लोगों के घायल होने के समाचार हैं। इधर, किसानों ने बवाल को देखते हुए दिल्ली कूच को वापस ले लिया है। किसान नेता सरवन पंधेर ने कहा कि सरकार को बातचीत के लिए 24 घंटे का वक्त दिया है। पंढेर ने कहा कि हम सरकार से टकराव नहीं चाहते हैं हम बातचीत के लिए तैयार हैं। मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम कल फिर दिल्ली कूच करेंगे।*

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

किसान नेता पंढेर ने कहा कि किसान संगठनों के दो मंच संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा, एक बैठक के बाद अगले कदम के बारे में फैसला करेंगे। बता दें कि किसान संसद के मौजूदा सत्र के बीच दिल्ली पहुंचकर सरकार पर दबाव बनाना चाहते हैं। उनकी मांग है कि सरकार एमएसपी पर कानूनी गांरटी दे। किसान संगठनों ने सरकार के सामने कुल 12 मांगें रखी हैं। वहीं दूसरी किसान आंदोलन पर राजनीति भी गरमाने लगी है। कांग्रेस ने किसानों को रोकने को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है।

बता दें कि किसान संगठनों ने आज शाम को दिल्ली कूच का ऐलान किया था। इसके लिए 101 किसानों की सूची भी जारी की थी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### क्या हुआ पूरा मामला

बता दें कि शुक्रवार को 101 किसानों के एक जत्थे ने शंभू सीमा पर अपने विरोध स्थल से दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें बहुस्तरीय बैरिकेडिंग द्वारा रोक दिया गया था। कुछ किसान शंभू सीमा के हरियाणा की ओर लगाए गए बैरिकेड्स के पास पहुंच गए, तो सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इसमें 6 किसानों के घायल होने के समाचार हैं। हरियाणा पुलिस ने किसानों को धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला दिया।



### क्या हैं किसानों की मांगें?

किसान सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग के हिसाब से फसलों की कीमत तय हो। कर्ज माफी हो, किसानों को पेंशन मिले और खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लखीमपुर खीरी मामले के दोषियों को सजा मिले। पिछले किसान आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी मिले और किसानों के खिलाफ मुकदमे वापस हों।

### मोबाइल सेवाएं स्थगित

हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को अंबाला जिले के 11 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवा को 9 दिसंबर तक के लिए निलंबित कर दिया। अंबाला के डंगडेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, डडियाना, बारी घेल, लहर्स, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू गांवों में प्रतिबंध लागू किया गया।

### कृषि मंत्री चौहान का किसानों को आश्वासन

राज्यसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंदोलनकारी किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी कृषि उपज एमएसपी पर खरीदेगी। उन्होंने कहा, "यह हमारी गारंटी है। चौहान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो उसने एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को ठुकरा दिया। उन्होंने पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार, के वी थॉमस और कांतिलाल भूरिया के पुराने बयानों का हवाला दिया।

# आश्रम में छात्र की मौत तीन भर्ती, 13 बच्चों को परिजन ले गए घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



आदिवासी विकास विभाग के कोयाबेकूर में संचालित बालक आश्रम में पहली कक्षा के छात्र की बीमारी से मौत हो गई है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 7 साल के माड़वी दुला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सिर दर्द की शिकायत के बाद 1 दिसंबर की रात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां बिगड़ती तबीयत को देखते हुए चिकित्सकों ने जगदलपुर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई।

- तेज सिरदर्द की शिकायत के बाद डिमरापाल किया गया था रेफर


कोयाबेकूर आश्रम अधीक्षक बंशराज ने बताया कि बच्चा स्वस्थ था। 29 नवंबर को सिर दर्द की शिकायत होने पर केरलापाल स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। खून जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने पर वापस आश्रम ले गए। दो दिन ठीक रहने के बाद अचानक रविवार ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एआईएसएफ ने लगाए लापरवाही के आरोप



एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने आश्रम प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में आश्रमों के निरीक्षण के दौरान कोयाबेकुर का भी दौरा किया था। यहां अध्ययनरत बच्चों ने बताया कि मृतक छात्र कई दिनों से बीमार था। इलाज में लापरवाही बरती गई है। आश्रम ▶▶|शेष पेज 4 पर





Raheja Group
SUKOON
KA SEASON 3
Raheja Nirwana - 3
Residential Plots with Premium Facilities
Kachna, Raipur
GET ASSURED GIFT ON BOOKINGS
7 & 8 DEC
Swimming Pool
Mini Water Park for Kids
Sports Facilites
Kids Play Area
AMENITIES
Club House
Mini Waterpark for Kids
Swimming Pool
Gymnasium
Kids Play Area
Temple
Badminton Court
Lawn Tennis Court
Library
Cafeteria
Indoor Games Area
Mini Theatre
Basketball Court
Open Garden
Open Gym
Squash Court
Member of CREDAI CHHATTISGARH
RERA Reg. No.: PCGRERA041024001837
RERA Website : RERA.CGSTATE.GOV.IN
RahejaGroupRaipur
RahejaGroup
82259 11300
SCAN TO LOCATE

रायपुर
शनिवार, 7 दिसंबर 2024
अगहन शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 23, अंक : 141
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 19.2


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# बोडो आतंकियों ने छोड़ा था हथियार, शाह के सामने साझा करेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 15 दिसंबर को बस्तर में आकर एक बड़ी पहल करने वाले हैं। जानकारों के मुताबिक नक्सली समस्या के पूर्णतः खात्मे की दिशा में यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सूत्रों के अनुसार अमित शाह के बस्तर आगमन के दौरान उन बोडो आतंकियों को भी यहां लाने की तैयारी है, जिन्होंने केंद्र सरकार से शांति समझौता करने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने का फैसला किया था। वे अपना अनुभव- विचार साझा करेंगे। छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलियों को सरकार की ओर से यह एक बड़ा संदेश होगा। यह भी तय किया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन में जो शामिल हैं, वे श्री शाह के साथ डिनर में शामिल हो। ▶▶|शेष पेज 4 पर

अलग खबर



जो नक्सल ऑपरेशन में शामिल वे शाह के साथ डिनर करेंगे, बस्तर में चल रही व्यापक तैयारी

- 15 दिसंबर को बस्तर में आकर यह आयोजन कर एक बड़ी पहल करेंगे
- छग में सक्रिय नक्सलियों को सरकार की ओर से होगा यह एक बड़ा संदेश


अमित शाह 13 नहीं, अब 15 को आएंगे बस्तर, 16 को रायपुर में लेंगे बैठक
बस्तर ओलंपिक के साथ पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में भी शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री

### समझौते के बाद मिला विशेष प्रोत्साहन पैकेज

बोडो आतंकियों द्वारा केंद्र सरकार से शांति समझौता किए जाने के बाद बोडो के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यही नहीं समझौते के तहत केंद्र सरकार ने उस क्षेत्र के लिए विशेष विकास ▶▶|शेष पेज 4 पर

### संदेश यही कि नक्सली भी डालें हथियार

हरिभूमि को उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध होने के साथ-साथ इस दिशा में गंभीर प्रयास कर सार्थक और निर्णायक कदम उठाने की तैयारी में है। कुछ महीना पहले नवा रायपुर में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में गहन मंथन किया गया था। इस बैठक में देश के सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस व सुरक्षा बलों के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए थे। इस बैठक में यह तय किया गया है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा। वजह यह है कि छत्तीसगढ़ में ही देश का 90 प्रतिशत नक्सलवाद बचा है, बाकी अन्य राज्यों में नक्सली पहले ही सिमट गए हैं। बहरहाल अब ये जानकारी सामने आ रही है कि अमित शाह के बस्तर में कार्यक्रम के दौरान उन बोडो आतंकी नेताओं को सामने लाया जाएगा जो केंद्र सरकार से समझौता करके हथियार डालने को सहमत हुए हैं। उन्हें सामने लाकर नक्सलियों को संदेश दिया जाएगा कि जिस तरह बोडो आतंकी शांति समझौते के लिए सहमत हुए है, वही रास्ता नक्सली भी अपनाएं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू अपने जन्मस्थान पहुंचीं, हुआ भव्य स्वागत



रायरंगपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के मयूरभंज जिले में अपने जन्मस्थान उपरबेड़ा गांव की यात्रा करने के दौरान भावुक हो गईं और कहा कि उन्होंने गांव को हमेशा अपने परिवार की तरह माना है। मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को बामनघाटी अनुमंडल के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली परिवार में हुआ था।

### ट्रंप को वर्ष का सबसे बड़ा देशभक्त का पुरस्कार



ग्रीनवेल। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीडियो 'स्ट्रीमिंग' सेवा 'फॉक्स नेशन' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'पैट्रियॉट ऑफ द ईयर' (वर्ष का सबसे बड़ा देशभक्त) पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के पूरे कार्यकाल में किए गए कार्यों से अधिक काम कर लिया है।

धमकी देने वाले कारोबारियों के ठिकाने पर छापे, सीएम साय ने मामले को लिया गंभीरता से

# सीएम, वित्तमंत्री से बात करूं क्या? जीएसटी इंस्पेक्टर को धमकी, उसके बाद पड़े छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वाणिज्यिक मंत्री ओपी चौधरी के नाम का हवाला देकर एक महिला जीएसटी इंस्पेक्टर सहित एक अन्य इंस्पेक्टर को धमकी देने के मामले को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर शुक्रवार को जीएसटी के अफसर दोनों कारोबारियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे।

गौरतलब है कि गुरुवार को एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यापारी ने जीएसटी की महिला इंस्पेक्टर रितु सोनकर से फोन पर अभद्रता करते हुए इंस्पेक्टर को रिश्वत लेने के मामले में ट्रेप कराने की धमकी दी। कारोबारी ने महिला इंस्पेक्टर को यहां तक कह डाला कि विष्णुदेव साय से बात करूं क्या... ओपी चौधरी को बुलाऊं क्या... अभी सस्पेंड करा दूंगा... तुम जानती नहीं हो, हम लोग सरकार बनाने वाले लोग हैं।

खास खबर


### एफआईआर दर्ज करने थाने में शिकायत

पुलिस के मुताबिक अभद्रता के शिकार हुए जीएसटी अफसरों ने कारोबारियों के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा करने तथा अभद्रता ▶▶|शेष पेज 4 पर

## कारोबारियों द्वारा जीएसटी अफसर को सस्पेंड कराने की धमकी देने का हुआ ऑडियो वायरल

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुनः पहुंचे कार्रवाई करने

मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्टेट जीएसटी के अफसरों ने दूसरे दिन दोनों कारोबारियों के कारोबारी लेन-देन की पड़ताल की। कर चोरी और जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर विभाग ने दोनों फर्मों के प्रतिष्ठानों पर जांच कर जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए।



### इन कारोबारियों के यहां गए थे भौतिक सत्यापन करने

उल्लेखनीय है कि स्टेट जीएसटी बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसी फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही कर रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर, गुढ़ियारी स्थित महेश कालोनी में मेसर्स योगेश कमर्शियल के संचालक मुनीश कुमार शाह तथा दलदल सिवनी स्थित मेसर्स जगन्नाथ कंस्ट्रक्शन के संचालक राहुल शर्मा के यहां अनियमितता की शिकायत मिलने पर जीएसटी इंस्पेक्टर भौतिक सत्यापन करने गए थे। इस दौरान कारोबारियों द्वारा दोनों इंस्पेक्टर के साथ अभद्रता की गई।

### इधर, माइनिंग कंपनी के दफ्तर में सेंट्रल जीएसटी का धावा

टैक्स चोरी करने की आशंका में एक माइनिंग कंपनी के शंकर नगर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को सेंट्रल जीएसटी के अफसरों ने छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई को लेकर सेंट्रल जीएसटी ने अब तक अधिकृत रूप से किसी तरह से बयान जारी नहीं किया है। अफसर कंपनी में दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ वहां काम करने वाले कर्मियों से पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सेंट्रल जीएसटी के अफसरों ने वीआईपी स्टेट स्थित एएस माइनिंग एंड मिनरल्स कंपनी में छापे की कार्रवाई की है। माइनिंग कंपनी द्वारा टैक्स चोरी की शिकायत मिलने पर सीजीएसटी की टीम सुबह से छापे की कार्रवाई कर रही है। छापे की कार्रवाई में रैंक अफसरों सहित एक दर्जन से ज्यादा कर्मी छापे की कार्रवाई कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जहां छापे की कार्रवाई की जा रही है, वहां कंपनी मालिक का निवास भी है। बताया जा रहा है, माइनिंग ऑफिस दो माह पूर्व ही खोला गया है। सेंट्रल जीएसटी के अफसर जिस कंपनी के कार्यालय में छापे की कार्रवाई कर रहे हैं, वह किस ग्रुप से जुड़ा है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है।

# सीएम, डिप्टी सीएम की सुरक्षा में चूक, सड़क पर बाधा, रुका रहा काफिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के गृहक्षेत्र कवर्धा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा की सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है। दरअसल, शादी समारोह में जा रहे उनके काफिले को सड़क पर बेतरतीब लावारिस जैसी खड़ी गाड़ी ने रोक दिया। तकरीबन 15 मिनट तक काफिला रुका रहा, इस दौरान उस कार के चालक की पतासाजी की जाती रही। विलंब होने पर दूसरे मार्ग से श्री साय के काफिले को रवाना किया गया।

- करीब 15 मिनट तक सड़क में खड़ा रह गया काफिला

खबर के मुताबिक सीएम और डिप्टी सीएम विश्व हिंदू परिषद के चंद्रशेखर वर्मा की पुत्री के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने शुक्रवार को बोड़ला ब्लाक के ग्राम कुसुमघटा पहुंच हुए थे। बताया जाता है कि स्थानीय वर्मा परिवार के घर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उनका काफिला वापस लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पर एक वाहन बेतरतीब ढंग से खड़ा नजर आया। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहन के कारण मुख्यमंत्री का काफिला आगे नहीं बढ़ पाया और उन्हें करीब ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पहले से निर्धारित नहीं था मार्ग

मुख्यमंत्री के काफिले को जहां ले जाया जा रहा था वहां जाने का पहले से रूट निर्धारित नहीं था। लेकिन उन्हें अचानक वहां ले जाने का निर्णय लिया गया। मार्ग क्लियर नहीं होने कारण बाद में उन्हें दूसरे रास्ते से ले जाया गया।

\- धर्मेंद्र सिंह छवाई
पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम

# स्कॉर्पियो का टायर फटने के बाद निकला चक्का, महिला समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

जिले में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतापपुर में एक साथ चार युवकों की मौत के बाद देर रात चंद्रपुर पुलिया के समीप दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक शादी समारोह से वापस अंबिकापुर लौट रहे थे। इस दौरान उनकी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का टायर फटने से यह हादसा हुआ। दुर्घटना में पिता-पुत्र की हालत गंभीर है और उन्हें उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर दर्रीपारा निवासी 40 वर्षीय दिनेश चौधरी आ. जयश्री चौधरी, 46 वर्षीया रीता चौधरी, उड़ीसा झारसुगुड़ा निवासी 28 वर्षीय आनंद चौधरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- शादी समारोह से लौट रहा था परिवार, चंद्रपुर में हुई घटना, मातम में बदलीं खुशियां



### चल रही है जांच

स्कॉर्पियो वाहन का टायर फटने से घटना हुई है। इस हादसे में दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हुई है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

\- प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी

# राज्यसभा की सीट नं. 222 में मिली नोटों की गड्डी सभापति बोले- सिंघवी को है एलाट, खड़गे ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन शुक्रवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि सीट नंबर 222 से 500 रुपए के नोटों की गड्डी मिली है। यह सीट कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। सभापति की इस ऐलान के बाद सदन में हंगामा मच गया। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक किसी का नाम लेना अनुचित है। धनखड़ ने आगे बताया कि इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और हो भी रही है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने शुक्रवार को ▶▶|शेष पेज 4 पर

## संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन हुआ बड़ा विवाद, भाजपा बोली- जांच हो



### भाजपा ने की जांच की मांग

वहीं, बीजेपी ने मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदन में मांग की इस पूरे मामले की विस्तार से जांच कराई जानी चाहिए। इस मुद्दे पर राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच जोरदार बहस हुई। विपक्षी सांसदों ने सभापति की ओर से मामले की जानकारी दिए जाने के बाद हंगामा शुरू कर दिया।

### सिंघवी ने कहा- सिर्फ 500 रुपए लाता हूं

कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले में सफाई दी। उन्होंने कहा, "जब मैं राज्यसभा जाता हूं, तो सिर्फ 500 रुपए का एक नोट ही साथ लेकर जाता हूं। गुरुवार को मैं 12:57 पर संसद पहुंचा और 1:30 बजे तक कैंटीन में बैठा। इसके बाद मैं संसद से चला गया। पहली बार ऐसा सुना है कि किसी सीट से कैश मिला हो। उनके बयान के बावजूद सदन में बहस थमने का नाम नहीं ले रही थी।




आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बैठक में लिए निर्णय

# न लोन महंगा होगा और न ईएमआई बढ़ेगी, ब्याज दर यथावत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति के जोखिम का हवाला देते हुए शुक्रवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया लेकिन सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए बैंकों के पास धन बढ़ाने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती कर दी। इसके साथ ही आरबीआई ने आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के बीच मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को 7.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने लगातार 11वीं बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया।

- आरबीआई ने महंगाई बढ़ने की आशंका जताई

### फर्जी बैंक खातों पर लगेगी लगाम

आरबीआई ने बैंकों से कहा कि वे 'म्यूलहंटर डॉट एआई' उपयोग वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फर्जी खातों रोकने के लिए करे। म्यूल खाता एक बैंक खाता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध तरीके से पैसा लूटने के लिए करते हैं। गुमनाम व्यक्ति इन खातों को खोलकर इसमें लोगों से ठगी के पैसे जमा करवाते हैं।

### सीआरआर में कटौती, बैंकों के पास अधिक होगी रकम



ग्राहकों के लिए ऋण

आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा है। यानी ऋण महंगे नहीं होंगे और मौजूदा ऋण की ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी की थीं।

### स्मॉल बैंक यूपीआई से लोन दे सकेंगे

यूपीआई पर क्रेडिट लाइन यानी अकाउंट में पैसा न होने पर भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की इजाजत अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों को भी दी गई है। इसकी शुरुआत सितंबर 2023 में हुई थी। तब इसे शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक्स जैसे एसबीआई, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और ऐसे ही दूसरे बड़े बैंक्स के जरिए उपलब्ध कराया गया था।

### किसानों को बिना गारंटी दो लाख का कर्ज

आरबीआई ने किसानों को राहत देने बिना गारंटी के अब दो लाख रुपए तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अभी यह सीमा 1.6 लाख रुपए है। मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को देखते हुए गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का निर्णय किया गया है। गवर्नर दास ने कहा कि इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा।

## चिंतन

# महंगाई व जीडीपी ग्रोथ के मुद्दे पर स्थिति चुनौतीपूर्ण

उम्मीद के अनुरूप ही रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर रेपो रेट को यथावत रखा। अभी रेपो रेट 6.5 प्रतिशत है, जो उद्योग जगत और कर्ज बाजार के हिसाब से ज्यादा है। चूंकि महंगाई दर उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रही है और रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति दर को नियंत्रित रखने के मौद्रिक उपायों का नैतिक जिम्मा लिया हुआ है, इसलिए रेपो रेट में रियायत नहीं दे पा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 11वीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो दर के यथावत रहने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में वृद्धि नहीं होगी। इस मौद्रिक समीक्षा की खास बात रही कि आरबीआई ने सीआरआर में आधा प्रतिशत की कटौती की है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से यह सकारात्मक कदम है। सीआरआर (नकद आरक्षित अनुपात) 4.5 फीसदी से 4.0 फीसदी करने से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। इसके तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा नकद भंडार के रूप में केंद्रीय बैंक के पास रखना होता है। इससे बैंक और अधिक लोन दे सकेंगे और उद्योग जगत को लाभ होगा। सीआरआर में कटौती से ग्रोथ को बूस्ट मिलेगा। यह कदम सही समय पर और व्यावहारिक है। अर्थव्यवस्था के सभी उत्पादक क्षेत्रों को अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे। कारोबारी भावनाओं को भी मजबूती मिलेगी। निर्यातकों को आसान शर्तों पर ऋण मिलेगा। जीडीपी में गिरावट से पार पाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने अपनी समीक्षा में जीडीपी अनुमान घटा कर व महंगाई अनुमान बढ़ा कर संकेत दे दिया है कि अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी दर में गिरावट ने आर्थिक कमजोरी के संकेत दे दिए हैं। आरबीआई ने मौजूदा कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। अभी आगे मुद्रास्फीति बढ़ने की ही संभावना है, क्योंकि कई विनिर्माण और सेवा उद्योग के उत्पादों की लागत में वृद्धि देखी गई है। ऐसे में महंगाई व जीडीपी ग्रोथ के मुद्दे पर स्थिति चुनौतीपूर्ण ही रहेगी। रिजर्व बैंक ने तीन अहम फैसले भी किए हैं, लघु वित्त बैंकों को यूपीआई के जरिये पूर्व-स्वीकृत कर्ज सुविधा की अनुमति दी है। बढ़ती महंगाई से किसानों को राहत देने के मकसद से बिना गारंटी के अब दो लाख रुपये तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अभी यह सीमा 1.6 लाख रुपये है। रिजर्व बैंक 'पॉडकास्ट' व 'म्यूलहंटर डॉट एआई' शुरू करेगा। 'म्यूल' (फर्जी) खातों का पता लगाने के लिए 'म्यूलहंटर डॉट एआई' पहल से आर्थिक धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी। आरबीआई वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार, नैतिक इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को लेकर एक विशेषज्ञ समिति गठित करेगा। यह प्रगतिशील कदम है। बेशक रिजर्व बैंक का प्रयास मुद्रास्फीति रूपी घोड़े को काबू में रखने पर केंद्रित है, पर वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पा रहा है। उद्योग जगत व रियल इस्टेट क्षेत्र को मुद्रास्फीति में अपेक्षित कमी के साथ हम निकट भविष्य में रेपो दरों में कटौती की उम्मीद है। मौद्रिक नीति समिति की अगले साल पांच-सात फरवरी को होने वाली अगली समीक्षा बैठक तक रेपो रेट में कटौती का इंतजार करना पड़ेगा।



**विश्लेषण**
डॉ. अश्विनी महाजन

# ट्रंप राज में दिखेगा अमेरिकी राष्ट्रवाद

> ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तो उन्होंने चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी इस बात को बार बार दोहराया था कि वे चीनी वस्तुओं के अंधाधुंध आयात के कारण जंग खाती फैक्ट्रियों को दोबारा शुरू करना चाहते हैं। वे अमेरिका की अप्रवासी नीतियों में भी आमूलचूल परिवर्तन चाहते हैं ताकि अमेरिकियों के रोज़गार की रक्षा हो सके उन्होंने तो यहां तक कहा कि वे मैक्सिको से हो रहे ग़ैरक़ानूनी घुसपैठ को रोकने के लिए पूरी सीमा पर दीवार खड़ी करना चाहते हैं। उनका इस बात पर ज़ोर रहा था कि अमेरिका को दूरदराज़ के देशों में सशस्त्र दख़ल रोकना है ताकि अमेरिका को ग़ैर ज़रूरी खर्चों से बचाया जा सके। रूस के साथ भी ट्रंप ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुचर्चित राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को पराजित कर राष्ट्रपति चुने जा चुके हैं। ऐसे में दुनियाभर में कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका की आर्थिक और सामाजिक नीतियों में क्या बड़े बदलाव हो सकते हैं। पिछली बार भी जब ट्रम्प राष्ट्रपति बने थे तो उन्होंने नीतियों में बड़े फेरबदल किए थे। वैश्वीकरण, आतंकवाद और धार्मिक उन्माद, युद्ध और आर्थिक उथल पुथल के चलते पूरी दुनिया में राष्ट्रवाद उभार पर है। वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे भी उसी तर्ज़ पर माने जा सकते हैं। ग़ौरतलब है कि ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तो उन्होंने चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी इस बात को बार बार दोहराया था कि वे चीनी वस्तुओं के अंधाधुंध आयात के कारण जंग खाती फैक्ट्रियों को दोबारा शुरू करना चाहते हैं। वे अमेरिका की अप्रवासी नीतियों में भी आमूलचूल परिवर्तन चाहते हैं ताकि अमेरिकियों के रोज़गार की रक्षा हो सके उन्होंने तो यहां तक कहा कि वे मैक्सिको से हो रहे ग़ैरक़ानूनी घुसपैठ को रोकने के लिए पूरी सीमा पर दीवार खड़ी करना चाहते हैं। उनका इस बात पर ज़ोर रहा था कि अमेरिका को दूरदराज़ के देशों में सशस्त्र दख़ल रोकना है ताकि अमेरिका को ग़ैर ज़रूरी खर्चों से बचाया जा सके। रूस जैसे देश जिसके साथ अमेरिका के सम्बंध कभी भी मधुर नहीं रहे, उसके साथ भी ट्रंप ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनकी मित्रता भी काफ़ी चर्चा में रही। अपनी इन्हीं नीतियों के कारण ट्रम्प बहुसंख्यक अमेरिकियों में अपनी लोकप्रियता के चलते पुनः राष्ट्रपति बनने में सफल हो सके। अमेरिका प्रथम ट्रंप प्रशासन का मूल मंत्र रहा है। यानी कुल मिलाकर अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रवाद का जादू सर चढ़कर बोल रहा है।

उधर यूरोप में भी राष्ट्रवाद पुनः उभार ले रहा है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोपीय देशों में पहले उदारवाद और बाद में भूमंडलीकरण और यहां तक की खुली अप्रवासी नीति भी अपनायी जाने लगी थी। लेकिन आज यूरोपीय देश राष्ट्रवाद पर सवार होकर अपनी अर्थव्यवस्था और समाज की चिंता कर रहे हैं। सबसे पहले ब्रिटेन ने ब्रेक्सिट के माध्यम से स्वयं को यूरोपीय समुदाय से अलग किया। हालांकि ब्रिटेन के अलावा यूरोपीय समुदाय के सभी देश भी समुदाय में बने हुए हैं लेकिन सभी देशों में जहां पूर्व में उदारवादी सरकारों का बोलबाला था, अब राष्ट्रवाद का ज्वार बढ़ता दिख रहा है। छह प्रमुख यूरोपीय देशों इटली, फिनलैंड, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया और चेक गणराज्य में तो राष्ट्रवादी सरकारें पहले से ही स्थापित हो चुकी हैं, कई अन्य देशों में राष्ट्रवादी पार्टियां काफ़ी ताक़तवर हो रही हैं। नीदरलैंड में इस्लाम विरोधी ग्रीट वाइल्डर का दल सत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका में है। जर्मनी और फ्रांस में भी राष्ट्रवादी राजनीतिक दलों का प्रभाव अभूतपूर्ण रूप से बढ़ रहा है, और वो सत्ता के काफ़ी नज़दीक पहुंच रहे हैं। इन सब बदलावों का असर यूरोपीय समुदाय के चुनावों पर भी दिख रहा है। पंथनिरपेक्षता के नाम पर जैसे-जैसे अल्पसंख्यक समुदायों का तुष्टिकरण बढ़ा, और तुष्टिकरण के साथ ही साथ अतिवाद भी बढ़ा।

हाल ही में फ्रांस और इंग्लैंड में इस अतिवाद के भयानक दृश्य भी सामने आए। इन सब घटनाओं से भी



यूरोप और अमेरिका में ही नहीं पूरी दुनिया में जनमानस का मूड बदला है। चाहे यूरोप हो या अमेरिका, राष्ट्रवाद की जीत के कई निहितार्थ हैं। सबसे पहले समझना होगा कि यह अतिवादी ताक़तों की एक बड़ी हार है। ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषणों में हिंदुओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की है और अमेरिका में उनकी भूमिका को सराहा है, और यहां तक कि स्वयं को हिंदुओं का बड़ा प्रशंसक तक बताया है। इससे पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐसा नहीं किया। उधर हालांकि ट्रम्प मुस्लिमों के ख़िलाफ़ तो नहीं, लेकिन उन्होंने साफ़-साफ़ कहा है कि जो मुस्लिम अप्रवासी हमास का समर्थन करेंगे, वे उन्हें अमेरिका से बाहर कर देंगे। यानि ट्रम्प किसी भी प्रकार के अतिवाद के विरोधी हैं। ग़ौरतलब है कि बाईडेन प्रशासन ने अतिवादी ताकतों का समर्थन करने वाली कनाडा सरकार का समर्थन किया था; आने वाला ट्रम्प प्रशासन ऐसा नहीं करेगा। महत्वपूर्ण है कि जहां अतिवादी, वामपंथी, वोक, समलैंगिक मानवाधिकार समर्थक एक तरफ़ खड़े दिखाई देते हैं, ट्रंप ने स्पष्ट रूप से अमेरिकी राष्ट्रवाद (अमेरिका प्रथम) का जो नारा दिया और जीत हासिल की, वह इस बात का प्रमाण है कि ट्रंप की जीत, एक प्रकार से अतिवादी, वामपंथी, वॉकिज़्म आदि ताक़तों की भी हार है। अमेरिकी चुनावों में वहां के एक बड़े उद्योगपति और अरबपति एलन मस्क की भूमिका भी अमेरिकी चुनावों में महत्वपूर्ण रही। यह महज़ संयोग नहीं कि चाहे एलन मस्क पहले ट्रंप के विरोधी थे लेकिन बाद में वो उनके समर्थक हो गए।

ट्विटर सोशल मीडिया प्लेटफार्म को ख़रीदने के बाद ट्रम्प को ट्विटर पर बहाल किया और अपने उदासीन रुख़ को छोड़कर वे सीधे सीधे ट्रंप के समर्थन में आ गए। ट्रंप की जीत में एलन मस्क की महत्वपूर्ण भूमिका बतायी जा रही है। यह भी समझा जा सकता है कि यह चुनाव वॉकिज़्म के ख़िलाफ़ भी एक चुनाव है। हम समझते हैं कि यह चुनाव आर्थिक मुद्दों के अलावा वॉकिज्म, अतिवाद, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाम सेंसरशिप के मुद्दों पर लड़ा गया था, जहां ट्रम्प घरेलू व्यवसायों की रक्षा और बढ़ावा देकर, अप्रवास को प्रतिबंधित करके और अनिर्दिष्ट अप्रवासियों को निर्वासित करके, अमेरिकियों के लिए नौकरियों की रक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में काम करके अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने संकल्प को दोहरा रहे थे। लेकिन ट्रम्प की जीत का भारत के लिए क्या मतलब है, यह एक बड़ा सवाल है। अमेरिका-चीन तनाव को देखते हुए, जिसके बढ़ने की संभावना है।

ट्रम्प के सत्ता में आने पर विदेशी फर्मों को प्रोत्साहित किया जा सकता है, जो भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में देखते हैं। इससे भारत को अपने आत्मनिर्भर भारत पहल के माध्यम से अपने घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। हालांकि, ट्रम्प के संरक्षणवादी रुख और टैरिफ बढ़ाने के कारण भारत को अमेरिका को निर्यात में नुकसान होने की भी चिंता हो सकती है, लेकिन दूसरी ओर व्यक्तियों और व्यवसायों पर करों में संभावित कमी से अमेरिका के विकास में सुधार हो सकता है, जिससे भारत के निर्यात को लाभ होगा। कुछ आलोचक जलवायु परिवर्तन पर ट्रंप के रुख से भी चिंतित हैं, जिससे 'नेट जीरो' लक्ष्यों को प्राप्त करने में देरी हो सकती है। लेकिन, हमें भू-राजनीति के बड़े सवाल और दो मजबूत मित्रों (कूटनीतिक रूप से) अमेरिका और रूस के साथ दुनिया में भारत की स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उभर रहे नए भू-राजनीतिक परिदृश्य से दुनिया में लंबे समय तक शांति स्थापित होगी जिससे वैश्विक मूल्य श्रृंखलायें सुविधाजनक हो सकती हैं। इसके साथ ही, ट्रंप के सत्ता में आने से उग्रवाद और आतंकवाद भी हतोत्साहित होगा।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अनुभूति
डॉ. मोनिका शर्मा




# शपथ लेते हुए मां का नाम जोड़ना सकारात्मक संदेश

राजनीतिक जीवन और परिवेश को पूरी तरह व्यावहारिक धरातल पर ही देखा जाता है। सत्ता के खेल को हर दांव-पेंच से जोड़कर देखते हुए इस क्षेत्र को कहीं न कहीं मानवीय अनुभूतियों से परे समझने का ही माहौल बन गया है। जबकि जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जिससे समाज में सार्थक संदेश न दिया जा सके। राजनीतिक परिवेश में भी योजनाओं और नीतियों से परे बहुत कुछ ऐसा किया जा सकता है कि सामाजिक-पारिवारिक माहौल में बदलाव ला सके। बीते दिनों महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 के परिणाम घोषित हुए। नतीजों के बाद चली लम्बी ऊहापोह के बाद 5 दिसंबर को महायुति की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह में एक नई रीत देखने को मिली जो समग्र समाज को सार्थक संदेश देने वाली है। कहने को सहज पर मानवीय अनुभूतियों के धरातल पर विशेष कही जा सकने वाली यह शुरुआत स्त्रियों के सम्मान के मायने समझाती है। स्त्रियों की उस भागीदारी का स्मरण करवाती है, जिसे आमतौर पर भुला दिया जाता है। यह पहल घर-परिवार को संभालने से लेकर अपने बच्चों को काबिल और जिम्मेदार नागरिक बनाने तक, महिलाओं की संवेदनाओं से पूरित श्रमशील भूमिका को रेखांकित करती है। ध्यातव्य है कि इस नई पहल के अंतर्गत मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले देवेंद्र फडणवीस ने शपथ लेते हुए अपने नाम के साथ मां का नाम भी जोड़ा। साथ ही उप-मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने भी अपने नाम के साथ अपनी माता का नाम जोड़कर ही शपथ ली। आमतौर पर देखने में आता है कि बहुत से चर्चित चेहरे नाम के साथ पिता का नाम लिखते हैं। ऐसे में देवेंद्र फडणवीस ने शपथ ग्रहण समारोह के निमंत्रण कार्ड पर भी मां का नाम लिखकर लोगों को चौंका दिया। तीसरी बार शपथ लेने जा रहे देवेंद्र फडणवीस का नाम आमजन का ध्यान खींचने वाला भी रहा।मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए भी उन्हें 'देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडणवीस' के नाम से संबोधित किया। ज्ञात हो कि उनकी मां का नाम सरिता है, जो पहली बार उनके संबोधन में लिखित या फिर मौखिक तौर पर इस्तेमाल किया गया है। महाराष्ट्र में मां का नाम जोड़कर मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री शपथ लेते दिखे। निःस्संदेह, आधिकारिक रूप से अपने नाम में पिता के नाम के साथ अपनी माताओं के नाम को भी जोड़ना एक सकारात्मक पहल है। गौरतलब है कि इस बार महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनाने स्त्री शक्ति की अहम भूमिका रही है। महायुति की प्रचंड जीत में बीजेपी को बहुमत से सिर्फ 13 सीटें कम मिली हैं। चुनावों में 132 सीटें भारतीय जनता पार्टी को मिली हैं। सरकार बनाने में बीजेपी के साथ एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं। इन दोनों दलों ने क्रमशः 57 और 41 सीटों पर जीत हासिल की है। 2014 में 122 और 2019 में 105 सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार सबसे बड़ा दल बनकर उभरी है। इस जीत में महिला मतदाताओं की भागीदारी में हुआ इजाफा एक महत्वपूर्ण कारण रहा। महिलाओं को आर्थिक सहायता देने वाली माझी लड़की बहन जैसी योजना का प्रभाव भी स्पष्ट नजर आया। नतीजतन, महिलाएं बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों तक भी पहुंचीं। आंकड़े बताते हैं कि 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में 6 प्रतिशत से ज़्यादा महिलाएं मतदान करने के लिए निकलीं। ज्ञात हो कि 2019 में राज्य में 59.26 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया था। वहीं 2024 के चुनाव में महिलाओं की यह हिस्सेदारी 65.22 प्रतिशत रही है। महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी सामाजिक-पारिवारिक स्तर पर भी बदलाव लाने वाली है। महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी जीत के पीछे महत्वपूर्ण कारण बन सकती है तो उनकी दूसरी भूमिकाओं को समझने और मान देने का परिवेश बनना भी लाजिमी है। ध्यातव्य यह भी है कि हमारे यहां मां का नाम जोड़ने को लेकर न्यायिक निर्णय भी आ चुके हैं। साल 2024 में ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने सामाजिक महत्व का मुद्दा बताते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों और डिग्रियों पर मां का नाम अनिवार्य करने का फैसला सुनाया था। वहीं महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी सरकारी कागजातों पर बच्चे के नाम के बाद पहले माता, फिर पिता का नाम और सरनेम लिखने का निर्णय लिया गया था। ऐसे में पिता का नाम उपनाम के साथ लगाने की इस परंपरा में मां का नाम जोड़ने की पहल कई मोर्चों पर सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
**दर्शन**

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़े देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हिंदुओं पर अत्याचार रुकने चाहिए**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हो रहे हैं। मां-बेटियों का उत्पीड़न जोरों पर है। हिंदुओं के मंदिरों और पूजा स्थलों को नष्ट किया जा रहा है। इस मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए। कट्टरपंथी इस कद्र हावी हैं कि किसी की सुनते नहीं। कानून नाम की वहां कोई चीज नहीं है। मानवतावादी संगठन इन अत्याचारों पर मौन क्यों हैं? उन्हें वैध तरीके से भी भारत नहीं आने दिया जाता। संतों को जेलों में डाला जा रहा है। वहां न वकील, न दलील चल रही है। पैरवी करने वालों को घायल किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी ने ठीक ही संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना भेजने की मांग की है। समय आ गया है कि 1971 के इतिहास की आवृत्ति हो।

- **रविंद्र जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### गुरु तेग बहादुर को नमन



सिख धर्म के नौवें गुरु 'हिंद की चादर' गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करता हूँ। गुरु तेग बहादुर जी ने दमनकारी शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया और मानवीय मूल्यों, धर्म एवं सिद्धान्तों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### उम्मीद की किरण



देश के अनुपम संविधान के जरिए बाबा साहेब शोषितों-पीड़ितों के लिए हमेशा उम्मीद की किरण हैं व लोगों के दिलों में बसे हैं। सरकारें भी उनके संविधान पर अमल करके बहुजनों का हित व कल्याण करें।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### मिनरल रिसोर्सेज सेक्टर



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने मिनरल रिसोर्सेज सेक्टर की इंपॉर्टेंस को पहचानते हुए उसे प्राथमिकता दी है। अभी, ये सेक्टर प्रदेश में 30 लाख लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार दे रहा है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### आंबेडकर की भूमिका प्रणम्य



देश को विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान सौंपने में संविधान ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष बाबा साहब की भूमिका प्रणम्य है। समावेशी विकास के प्रबल पक्षधर भारत-रत्न बाबा साहब भीम राव आंबेडकर को कृतज्ञ राष्ट्र का सादर प्रणाम।

-कुमार विश्वास, कवि

## करंट अफेयर

### रूस रक्षा के लिए सभी साधनों का उपयोग करेगा : लावरोव

रूस के शीर्ष राजनयिक ने 'फॉक्स न्यूज' के पूर्व 'होस्ट' (मेजबान) टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि रूस अमेरिका के साथ युद्ध नहीं चाहता है, लेकिन अपने हितों की रक्षा के लिए वह ''सभी साधनों'' का उपयोग करेगा। साक्षात्कार शुक्रवार को प्रसारित हुआ। सर्गेई लावरोव ने तर्क दिया कि रूस और अमेरिका के बीच आधिकारिक तौर पर युद्ध नहीं चल रहा है, लेकिन अमेरिका द्वारा यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमले के लिए लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों का उपयोग करने की अनुमति देने से विवाद अत्यधिक बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट है कि यूक्रेन के सैनिक अमेरिकी सैनिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी के बिना लंबी दूरी के आधुनिक हथियारों के साथ वह सब नहीं कर पाएंगे जो वे कर रहे हैं। यह खतरनाक है, इसमें कोई संदेह नहीं है।'' उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की यह धारणा कि रूस की सीमा रेखाओं को ''बार-बार बदला जा सकता है, एक बहुत गंभीर गलती है।'' दुनिया में सबसे लंबे समय तक विदेश मंत्री रहने वाले लावरोव ने कहा कि हाल में रूस द्वारा यूक्रेन पर ओरेशनिक नामक एक नयी हाइपरसोनिक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल से किया गया हमला, पश्चिमी देशों के लिए एक संकेत है कि रूस यूक्रेन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी साधनों का उपयोग करने को तैयार है।



## ऑफ बीट

### हवाई में जंगली पक्षी ने 74 साल की उम्र में दिया अंडा

दुनिया के सबसे उम्रदराज, ज्ञात जंगली पक्षी ने लगभग 74 साल की उम्र में अंडा दिया है, जो चार साल में उसका पहला अंडा है। अमेरिकी वन्यजीव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी प्रशांत क्षेत्रीय मत्स्य एवं वन्यजीव सेवा ने इस सप्ताह 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में कहा कि 'विजडम' नामक लंबे पंखों वाला समुद्री पक्षी 'लेसन अल्बाट्रॉस' हवाई द्वीपसमूह के उत्तर-पश्चिमी किनारे पर स्थित मिडवे एटोल राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य में वापस लौटा है और उसने जो अंडा दिया है, उसके बारे में विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह उसका 60वां अंडा हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि 'विजडम' और उसका नर साथी 'अकेकामाई' 2006 से ही अंडे देने और सेने के लिए प्रशांत महासागर के एटोल पर लौटे थे। 'लेसन अल्बाट्रॉस' प्रजाति के पक्षी हर साल एक अंडा देते हैं। हालांकि, अकेकामाई को कई सालों से नहीं देखा गया है और अधिकारियों का अनुमान है कि पिछले हफ्ते वापस लौटने पर 'विजडम' ने दूसरे नर के साथ मेलजोल बढ़ाना शुरू कर दिया। 'मिडवे एटोल नेशनल वाइल्डलाइफ रिफ्यूज' के पर्यवेक्षक वन्यजीव जीवविज्ञानी जोनाथन प्लिसनर ने एक बयान में कहा, ''हमें उम्मीद है कि अंडे से बच्चा निकलेगा।'' हर साल, लाखों समुद्री पक्षी घोंसले बनाने और अपने बच्चों को पालने के लिए रिफ्यूज में लौटते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

IVF जैसे फर्टिलिटी ट्रीटमेंट्स की मदद से 1,00,000 से ज्यादा बच्चों का जन्म।





अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त डाक्टर और विश्व स्तरीय एंब्रियोलॉजिस्ट्स का साथ।

हर दंपति के लिए व्यक्तिगत ट्रीटमेंट प्लान।



oasis FERTILITY

IN THE GOOD HANDS OF SCIENCE.

कंसल्टेशन बुक करने के लिए कॉल करें
951 373 1633

हमारी वेबसाइट पर विज़िट करें
www.oasisindia.in

अपने निकट के केंद्र में आएँ:
प्लैटिनम स्क्वायर बिल्डिंग, मेक इन इंडिया चौक, तेलीबांधा, **रायपुर**



MARUTI SUZUKI

NEXA

MUST BE SNOWING SOMEWHERE.
IT'S RAINING OFFERS HERE.

*The best time to own a Jimny is right now!*
*Hurry! The year-end offer is valid till stock lasts.*

Jimny
NEVER TURN BACK




ALLGRIP PRO

ROBUST LADDER FRAME CHASSIS

HEADLAMP WASHERS

WIRELESS ANDROID AUTO AND APPLE CARPLAY CONNECTIVITY

3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

NEXA SHOWSTOPPER DEALS

Save ₹ 80 000 + Exclusive Maruti Suzuki Smart Finance Offer*
For any bulk purchase enquiries please email to Renjith.nair@maruti.co.in

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU!

KNOW MORE @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Consumer offers applicable for 2024 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Creative visualization. Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Trademarks used belong to respective Trademark Owners. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual.



The New
LUXURY
Gateway to a Richer Life

avinash
NEOPOLIS
3 & 4 BHK APARTMENTS
at BHATAGAON

LAUNCHING 7th & 8th DEC



A Project By avinash a relation for life
A JOINT VENTURE WITH Punjab Real Estate

Site Address : Avinash Neopolis, Near Urmila Memorial Hospital, Bhatagaon, Raipur- 492001

28 Years of Building Relations | 58 Landmark Projects Portfolio | 15k+ Happy Families

Scan for location

+91 9098 222 444 | www.avinashgroup.com | Rera no.: PCGRERA301024001843 | Rera Website: https://rera.cgstate.gov.in/

# महाकुंभ में डिजाइनर स्ट्रीट लाइटों पर उभरेंगी देवी-देवताओं की आकृतियां

## जनवरी में प्रयागराज में होना है महाकुंभ ■ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा महाआयोजन

*प्रयागराज। प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले की तैयारी अपने चरम पर है। जनवरी 2025 में होने वाला यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि प्रकाश और भव्यता का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा। इस बार मेले की खास बात यह है कि इसकी प्रकाश व्यवस्था को एक नए आयाम पर ले जाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव के साथ-साथ सौंदर्य का भी अद्भुत आनंद मिलेगा।*

### आधुनिकता और परंपरा का संगम

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस महाकुंभ मेले की भव्यता को और बढ़ाने के लिए 8 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इस राशि का उपयोग 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना के लिए किया जा रहा है। इन लाइट्स को खास तौर पर भगवान शंकर, गणेश और विष्णु की आकृतियों और कलश से सजाया गया है। यह सजावट न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव कराएगी, बल्कि उनकी आंखों को भी सुकून प्रदान करेगी। लाइट्स के चलते मेले का पूरा क्षेत्र दिव्य और भव्य प्रतीत होगा।

### स्थायी संरचनाओं का निर्माण

अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि पिछले महाकुंभ मेलों से अलग इस बार स्थायी खंभों का निर्माण किया गया है। ये खंभे न केवल मेले के दौरान उपयोगी होंगे, बल्कि आयोजन के बाद भी प्रयागराज क्षेत्र की शोभा बढ़ाते रहेंगे। प्रत्येक पोल को देवी-देवताओं और कलश की आकृतियों से सजाया गया है। गुप्ता ने बताया कि इन लाइट्स की स्थापना का कार्य 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।



### 25 सेक्टर में बंटा पूरा मेला क्षेत्र

महाकुंभ मेले के दौरान 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र को 25 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी है, जिनका मुख्य कार्य भूमि अधिग्रहण और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना होगा।

### देश-विदेश से जुटेंगे करोड़ों श्रद्धालु

महाकुंभ मेले में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। आयोजन की इस भव्यता को देखते हुए सरकार ने इसे विश्वस्तरीय बनाने का हर संभव प्रयास किया है। डिजाइनर लाइट्स के माध्यम से मेला क्षेत्र की हर सड़क और गलियों को ऐसा सजाया जा रहा है कि हर कोना श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार दिखे। प्रकाश की इस विशेष व्यवस्था के कारण महाकुंभ मेला न केवल आध्यात्मिक आयोजन रहेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का बड़ा केंद्र बनेगा। लाइट्स के अद्भुत डिजाइन, देवी-देवताओं की आकृतियां और स्थायी संरचनाएं इसे एक यादगार आयोजन में बदल देंगी।

### श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कराने की परंपरा रहेगी जारी

महाकुंभ में योगी सरकार अपनी परंपरा को कायम रखते हुए विशेष अवसरों पर कुंभ में आए साधु संतों और श्रद्धालुओं पर आसमान से पुष्प वर्षा करा कर उनका स्वागत और सम्मान करेगी। इससे पहले 2029 कुम्भ के दौरान भी मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई थी। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा सनातन संस्कृति और आस्था को नमन करने का प्रतीक बन गया है। कुम्भ के दौरान पवित्र स्नान पर्व हों, या फिर माघ मेला या फिर सावन में कांवड़ियों की यात्रा,योगी सरकार पुष्प वर्षा कर आस्था को नमन करना नहीं भूलती।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट में नौकरी का मौका, 25 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में नौकरी का मौका तलाश रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑफिशियल वेबसाइट पर नई वेकेंसी अनाउंस की है, जिसमें कोर्ट मास्टर (शॉर्टहैंड), सीनियर पर्सनल असिस्टेंट और पर्सनल असिस्टेंट पदों पर नियुक्ति की जाएंगी। एससी की इस वेकेंसी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन 3 दिसंबर को जारी किया गया था और 4 दिसंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 25 दिसंबर तक ही आवेदन कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट में कुल 107 रिक्त पदों पर भर्तियां की जाएंगी। जिनमें कोर्ट मास्टर (शॉर्टहैंड) के लिए 31 वेकेंसी हैं। सीनियर पर्सनल असिस्टेंट के लिए 33 पद और पर्सनल असिस्टेंट के लिए 43 पद हैं। आवेदन करने के इच्छुक ऑफिशियल वेबसाइट https://www.sci.gov.in/recruitments/ के रिक्रूटमेंट सेक्शन पर जाकर इसे भर सकते हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा
### कालिदास कोलंबकर बने प्रोटेम स्पीकर

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। नई सरकार के गठन के बाद भाजपा विधायक कालिदास कोलंबकर शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे। नौ बार विधायक रह चुके कोलंबकर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दोपहर 1 बजे राजभवन में शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद कोलंबकर विधासनसभा सत्र के पहले दिन 288 नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही 9 दिसंबर को 15वीं विधानसभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इसके बाद सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। इससे पहले 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे–अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ ली।

## सुप्रीम कोर्ट ने किया विशेषाधिकार का प्रयोग, रायपुर से जुड़ा मामला

# तलाक के बाद भी गैर-दलित महिला के बच्चों को मिलेगा आरक्षण का लाभ

*भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक गैर-दलित महिला और एक दलित व्यक्ति के बीच विवाह को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इसी के साथ पति को अपने नाबालिग बच्चों के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने का आदेश दिया, जो पिछले छह वर्षों से अपनी मां के साथ रह रहे हैं। अदालत ने फैसला सुनाया कि गैर-दलित मां और दलित पिता से पैदा हुए बच्चे अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा पाने के हकदार हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदालत के फैसले में तलाक के बाद बच्चों के कल्याण और भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई विशिष्ट निर्देश शामिल थे। पिता को छह महीने के भीतर एससी प्रमाणपत्र हासिल करने और पोस्ट-ग्रेजुएशन तक बच्चों के लिए ट्यूशन, बोर्डिंग और आवास खर्च सहित सभी शैक्षिक खर्चों को कवर करने का काम सौंपा गया है। अदालत ने उस धारा को भी बरकरार रखा जिसमें पिता को अपनी पूर्व पत्नी को अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराने की आवश्यकता थी।

### रायपुर में नाना-नानी के घर रह रहे बच्चे

बता दें कि 11 वर्षीय बेटा और छह वर्षीय बेटी पिछले छह वर्षों से रायपुर में अपने नाना-नानी के घर गैर-दलित महिला के साथ रह रहे हैं। कोर्ट ने इसी के साथ दोनों बच्चों को एससी जाति प्रमाणपत्र हासिल करने का फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों को सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार के उद्देश्य से अनुसूचित जाति माना जाएगा।



### रायपुर में जमीन का एक प्लाट भी देगा

*इसके अलावा, पति रायपुर में अपनी जमीन का एक प्लॉट भी महिला को देगा। पीठ ने एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज क्रॉस-एफआईआर को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने महिला को निर्देश दिया कि वह बच्चों को समय-समय पर उनके पिता से मिलवाए, उन्हें छुट्टी पर ले जाने दे और उनके बीच अच्छे संबंध बनाए।*

### पति-पत्नी नहीं पर बच्चे को एससी का दर्जा

सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने कहा कि एक गैर-दलित पति या पत्नी शादी के माध्यम से एससी का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकते हैं, लेकिन दलित पिता होने के कारण उनके बच्चे शिक्षा जैसे विभिन्न सरकारी लाभों तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण जाति पदनाम के हकदार हैं। अदालत ने आदेश दिया कि नाबालिग बच्चों को एससी प्रमाणपत्र प्राप्त हों, जो कानूनी रुख को दर्शाता है।

### ट्यूशन फीस व पत्नी को 42 लाख देगा व्यक्ति

न्यायमूर्ति कांत की अगुवाई वाली पीठ ने पति से कहा कि वह स्नातकोत्तर तक उनकी शिक्षा का सारा खर्च वहन करेगा, जिसमें प्रवेश और ट्यूशन फीस के साथ-साथ बोर्डिंग और लॉजिंग खर्च भी शामिल है। महिला और बच्चों के आजीवन भरण-पोषण के लिए एकमुश्त समझौते के अतिरिक्त पुरुष को ये राशि देनी होगी। महिला को 42 लाख रुपये एकमुश्त रूप से पति से मिलेंगे।

# भारत से दुश्मनी करने पर उतारू हो गया बांग्लादेश वापस बुलाए दो डिप्लोमैट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद ही भारत के साथ रिश्ते बिगड़ते ही जा रहे हैं। बांग्लादेश ने एक और ऐसा कदम उठाया है जिससे उसका चीन और पाकिस्तान प्रेम छिपा नहीं रहा। बांग्लादेश ने भारत से अपने दो डिप्लोमैट्स (कोलकाता में उप उच्चायुक्त शिकदार मोहम्मद अशफरुल रहमान और अगरतला में असिस्टेंट हाई कमिश्नर आरिफ मोहम्मद) को वापस बुला लिया है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के बाद त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इसके बाद बांग्लादेश ने विरोध किया और अगलतला में काउंसलर सर्विस बंद करने का ऐलान कर दिया। अब उसने अपने डिप्लोमैट को भी ढाका वापस बुला लिया है।

### चीन और पाकिस्तान परस्त हो रहा है पड़ोसी मुल्क



### ढाका में भारतीय प्रोडक्ट्स का बायकॉट

अगरतला और कोलकाता में हुई घटनाओं का असर अब ढाका में भी दिख रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता रूहुल कबीर रिजवी ने प्रदर्शन करते हुए भारतीय साड़ियां जलाईं। इसके साथ ही, उन्होंने इंडियन प्रोडक्ट्स के बायकॉट की अपील की।

### इधर, हिंदुओं पर जारी हिंसा के बीच विदेश सचिव जाएंगे बांग्लादेश

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर लगातार जारी चरमपंथियों के हमलों और इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की राजद्रोह के आरोप के साथ की गई गिरफ्तारी के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री अगले सप्ताह की शुरुआत में सोमवार, 9 दिसंबर को बांग्लादेश की यात्रा करेंगे। मौजूदा तनाव के बीच यह पहला ऐसा मौका होगा जब विदेश सचिव बांग्लादेश जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी।

## राहुल को गद्दार बोलने पर भड़की कांग्रेस!

# सांसद निशिकांत, संबित के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। दरअसल, कांग्रेस का आरोप है कि दुबे और पात्रा ने राहुल गांधी पर 'देशद्रोही' और 'सोरोस लिंक' जैसे गंभीर और झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की है। रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा 'हमने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और संबित पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। आज हम स्पीकर से इस पर कोई निर्णय चाहते थे, लेकिन प्रश्नकाल स्थगित कर दिया गया। जिस व्यक्ति के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया गया था, उसे फिर से संसद में बोलने की अनुमति दी गई।'



### हंगामे के चलते दिनभर के लिए कार्रवाई स्थगित

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के कांग्रेस सहित अन्य विरोधी दलों पर लगाए गए सरकार, संसद और भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के गंभीर आरोपों पर समूचा विपक्ष उनकी सार्वजनिक माफी से कम में मानने को तैयार नहीं है। शुक्रवार को इसी मांग के साथ कांग्रेस व अन्य दलों ने लोकसभा में जमकर हंगामा किया, जिसकी वजह से सदन में कोई विधायी कामकाज नहीं हुआ और एक बार के स्थगन के बाद पीठासीन अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कार्रवाई को सोमवार 9 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

## बिना अभिभावकों के परमिशन के हुए शारीरिक परीक्षण

# आईआईटी मद्रास ने स्कूली बच्चों पर किया 'ह्यूमन ट्रायल' मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

आईआईटी मद्रास कैंपस में स्थित वना वाणी मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों पर अभभिावकों की इजाजत के बगैर प्रोडक्ट टेस्ट करने को लेकर ववािद खड़ा हो गया है। कुछ छात्रो के अभिभावकों का आरोप है कि उनकी सहमति के बिना बच्चों पर ह्यूमन ट्रायल के समान शारीरिक परीक्षण किए गए। इस मामले में कुछ अभिभावकों ने ईमेल के माध्यम से शिकायत की थी कि उनके बच्चों को जूतों के अंदर 'स्मार्ट इनसोल' नामक प्रोडक्ट पहनने के लिए मजबूर किया गया था जिसे स्मार्टवॉच के साथ जोड़ा गया था। इसके लिए आईआईटी मद्रास के छात्रों और शिक्षकों द्वारा कथित तौर पर बच्चों का शारीरिक परीक्षण भी किया गया था। विवाद बढ़ने पर स्कूल प्रबंधन ने प्रिंसिपल को हटा दिया है, अनुमति नहीं लेने के लिए आईआईटी मद्रास को चेतावनी जारी कर दी है।




### यह है मामला

आईआईटी मद्रास प्रशासन ने तथ्यों का पता लगाने के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया। इसके मुताबिक पहले से ही व्यावसायिक रूप से उपलब्ध प्रोडक्ट का उपयोग करके उसकी लागत के प्रभाव और स्मार्ट इनसोल की व्यवहार्यता को समझने के लिए 19 अगस्त 2024 को वना वाणी स्कूल में प्रारंभिक अध्ययन किया गया था। आईआईटी का कहना है, यह न तो कोई क्लिनिकल ट्रायल और न ही कोई मेडिकल रिलेटेड डिवाइस का ट्रायल था। इसमें बच्चों को न तो कोई दवा या उत्तेजक दिए गए थे।

## सोमवार को नौसेना में कमीशन होगा 'तुशिल'

# भारतीय नौसेना के बेड़े में आ गया नया योद्धा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच सोमवार, 9 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में रूस में बहुआयामी स्टेल्थ मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस 'तुशिल' भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से कमीशन किया जाएगा। केलिनग्राद में इसके लिए एक भव्य समारोह होगा, जिसमें रक्षा मंत्री बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी और रक्षा अधिकारी भी समारोह में शामिल होंगे।

तुशिल भारतीय नौसेना के मुंबई मुख्यालय वाले पश्चिमी बेड़े की स्वार्ड आर्म में तैनात किया जाएगा। बता दें कि,आईएनएस तुशिल भारत का पहला गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है, जिसे रूस ने विशेष रूप से भारत के लिए तैयार किया है। यह प्रोजेक्ट 1135.6के तहत विकसित एक एडवांस्ड क्रिवाक III श्रेणी का फ्रिगेट है। भारतीय नौसेना पहले से छह ऐसे रूस में बने फ्रिगेट चला रही है, लेकिन आईएनएस तुशिल तकनीकी दृष्टि से काफी अधिक सक्षम है।

### तुशिल का अर्थ 'सुरक्षा कवच'

तुशिल युद्धपोत का अर्थ सुरक्षा कवच है। इसके शिखर (क्रेस्ट) पर अभेद्य कवचम् अंकित है। युद्धपोत का मोटो निर्भय, अभेद और बलशील है। यह भारतीय नौसेना की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के प्रतीक के रूप में हमेशा तैनात रहेगा। इसकी लंबाई 125 मीटर और कुल विस्थापन क्षमता 3 हजार 900 टन है। तुशिल के निर्माण कार्य में बेहतरीन तकनीक और कार्यप्रणाली का प्रयोग किया गया। इसके डिजाइन में स्टेल्थ फीचर और स्थायित्व के गुण को काफी बढ़ाया गया है। साथ ही इसमें स्वदेशी तत्व 26 फीसदी और मेड इन इंडिया सिस्टम को दोगुना कर 33 फीसदी किया गया। इसके निर्माण में शामिल बड़े भारतीय ओईएम में ब्रह्मोस एयरोस्पेस, भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, नोवा इंटीग्रेटेड सिस्टम, एलकॉम मरीन, जॉनसन कंट्रोल इंडिया मुख्य हैं।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines. Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/367/2024 28-10-2024
BANK OF INDIA
VERSUS
VIJAY BUDHIA S/O SHYAM SUNDER BUDHIA
To,
**(CD 1) VIJAY BUDHIA S/O. SHYAM SUNDER BUDHIA SHYAM SUNDER BUDHIA**, Plot No 236/237, T.P. Nagar, Korba. (C.G.) Dist-Korba, Korba, Korba, Chhattisgarh-495677.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/110/2021** an amount of **Rs 7960478.55 (Rupees Seventy Nine Lakhs Sixty Thousands Four Hundred Seventy Eight And Paise Fifty Five Only)** along with pendentellite and future interest @ **11.75%** Simple Interest Yearly w.e.f. **22/01/2021** till realization and costs of **Rs. 82000 (Rupees Eighty Two Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **07/01/2025 at 10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **28/10/2024**
Seal
Vaatsalya Kumar
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines. Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/368/2024 23-10-2024
BANK OF INDIA
VERSUS
SHYAM HARE SAHU S/O BHIJRAM SAHU
To,
**(CD 1) SHYAM HARE SAHU S/O BHIJRAM SAHU BHURAM SAHU,** RVI Patanwar Colony, Yadunandan Nagar, Tifra, Bilaspur (C.G) Bilaspur -465001.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/545/2022** an amount of **Rs 2838632.48 (Rupees Twenty Eight Lakhs Thirty Eight Thousands Six Hundred Thirty Two and Paise Forty Eight Only)** along with pendentellite and future interest **@ 9.65%** Simple Interest Yearly w.e.f. 21/03/2022 till realization and costs of **Rs 31000 (Rupees Thirty One Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **09/12/2024 at 10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **23/10/2024**
Seal
Ms. Priti Desai
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines. Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/394/2024 23-10-2024
BANK OF INDIA
VERSUS
SHRI JAGAT SHRAMA SHARMA
To,
**(CD 1) SHRI JAGAT SHRAMA SHARMA SHRI BHAGWAN SHARMA** LIG 2/886 Veer Sawarkar Nagar, Hirapur, Raipur, Raipur-0
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders. passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/1242/2019 an amount of **Rs 2306510 (Rupees Twenty Three Lakhs Six Thousand Five Hundred Ten Only)** along with pendentellite and future interest **@11.40%** Simple Interest Yearly w.e.f. **21/05/2019** till realization and costs of **Rs 26000 (Rupees Twenty Six Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **17/12/2024 at 10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **23/10/2024**
Seal
Ms. Priti Desai
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines. Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/401/2024 28-10-2024
BANK OF INDIA
VERSUS
SMT. DEEPA KOHLI KOHLI
To,
**(CD 1) SMT. DEEPA KOHLI KOHLI W/O. MR. SANJEEV KOHLI** A2b 201 202, Golden Tower, Amlidih, Raipura 28, 201, 202, Golden, Raipur Tower, Amlidih, Raipur, Chhattisgarh-492006.
**(CD 2) MR. SANJEEV KOHLI S/O. SHRI SATPAL KOHLI** Block A2b Flat No. 201 and 202 2nd Floor, Golden Tower, Amlidih, Raipur, Raipur, Chhattisgarh -0.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/1603/2019** an amount of **Rs. 7516008 (Rupees Seventy Five Lakhs Sixteen Thousands Eight Only)** along with pendentellite and future interest **@ 9.30%** Simple Interest Yearly w.e.f. **03/10/2019** till realization and costs of **Rs. 78000 (Rupees Seventy Eight Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **20/01/2025 at 10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **28/10/2024**
Seal
Vaatsalya Kumar
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER -I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines. Jabalpur- 482001
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/391/2024 28-10-2024
BANK OF INDIA
VERSUS
NEERAJ SINGAL
To,
**(CD 1) NEERAJ SINGAL. V. K SINGAL B-9, ROYAL GREENS,** Junwani, Bhilai, Durg (C.G.) Durg, Chhattisgarh-490001.
**(CD 2) MRS. ANU SINGAL W/O. SHRI NEERAH SINGAL** B-9, Royal Greens, Junwani, Bhilal, Durg (C.G.) Durg, Chhattisgarh -490006.
**(CD 3) MRS. SARITA SINGAL W/O MR. V.K. SINGAL** B-9, Royal Greens, Junwanl Bhilal, Durg (C.G.) Durg Chhattisgarh -490006.
**(CD 4) MR. GAURAV SINGAL S/O. MR. V.K. SINGAL** B-9, Royal Greens, Junwani, Bhilal, Durg (C.G.) Durg Chhattisgarh -490006.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/786/2021** an amount of **Rs 4098006.80 (Rupees Forty Lakhs Ninety Eight Thousands Six and Paise Eighty Only)** along with pendentellite and future interest **@ 10.75 %** Simple Interest Yearly w.e.f. 03/09/2021 till realization and costs of **Rs 43000 (Rupees Forty Three Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **17/01/2025 at 10:30 a.m.** for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **28/10/2024**
Seal
Vaatsalya Kumar
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

# हिंदी में भी 'पुष्पा 2' ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई

**नई दिल्ली।** 'पुष्पा 2' ने पहले दिन भारत में 165 करोड़ की ओपनिंग हासिल की है। जबकि तेलुगू में फिल्म एक दिन पहले रिलीज की गई थी तो 10.1 करोड़ की कमाई फिल्म ने की। इसके बाद भारत में




पुष्पा 2 की कमाई 175.1 करोड़ हो गया है, जिसमें 95.1 करोड़ तेलुगू में, 67 करोड़ हिंदी में, 7 करोड़ तमिल में, कन्नड़ में 1 करोड़ और मलयालम में 5 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की है। 'पुष्पा 2' 2024 की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी चर्चा काफी समय से थी। बॉक्स ऑफिस पर भी पुष्पा की गूंज ओपनिंग डे के कलेक्शन के साथ सुनने को मिली है, जो कि केवल तेलुगू ही नहीं, बल्कि हिंदी में भी रिकॉर्ड बनाते हुए दिख रही है। इतना ही नहीं, जवान को पछाड़ते हुए 'पुष्पा 2' अब तक की सबसे बड़ी ओपनर करने वाली फिल्म बन गई है।

# तमन्ना भाटिया

## जिमी शेरगिल पर मर मिटी थीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में सिकंदर का मुकद्दर का एक इंटरव्यू हुआ, जिस दौरान फिल्म के हीरो जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी और तमन्ना भाटिया ने खुलकर बातचीत की। इस दौरान तमन्ना ने अपने उस क्रश का नाम बताया, जिसे वह कॉलेज के दिनों पर देखकर मर मिटी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कथित तौर पर तमन्ना अभिनेता विजय वर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर कई पब्लिक प्लेस पर एक साथ देखा जा चुका है। इस इंटरव्यू के दौरान तमन्ना भाटिया ने सबसे पहले खुलासा किया कि एक समय था जब उन्हें जिमी शेरगिल पर क्रश था, जब उनसे पूछा गया कि वह उनके बारे में कैसा महसूस करती हैं, तो लस्ट स्टोरीज 2 की अभिनेत्री तमन्ना ने स्वीकार किया कि उन्हें फिल्म मोहब्बतें में उनसे प्यार हो गया था। तमन्ना ने कहा, 'वह निश्चित तौर पर एक क्रश मोमेंट था।'

तमन्ना की इन बातों पर अविनाश तिवारी ने कहा कि लोग कहते हैं कि उन्हें जिमी पर क्रश था, लेकिन आज भी, उन्हें दुनिया भर के अपने प्रशंसकों से प्यार मिल रहा है। आगे तमन्ना ने जिम्मी के लिए मन की बात कहते हुए कहा, उनके करियर में जिस तरह की बहुमुखी प्रतिभा थी, वह बहुत कम लोगों में थी। उन्होंने यह भी बताया कि वह उनकी सभी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करती हैं क्योंकि उनमें तेज और विकास की भावना दिखती है। तमन्ना ने आगे कहा कि वह सिकंदर का मुकद्दर में काम करने से पहले टॉम, डिक और हैरी अभिनेता से कभी नहीं मिली थीं। तमन्ना ने खुलासा किया कि सेट पर पहली बार मिलने पर उनके सह-कलाकार ने उन्हें डरा दिया था। तमन्ना ने कहा, 'वह एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। मुझे नहीं पता था कि उन्हें 'हैलो' कैसे कहूं।' जिमी ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें 'हैलो' कहा था और उन्हें उनके अभिवादन का जवाब देने में काफी समय लग गया।



# ऐश्वर्या अपनी मां और अभिषेक संग दिखीं

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। इन दोनों के अलगाव की अफवाह अब झूठी साबित होती हुई नजर आ रही है। दरअसल, गुरुवार की रात को एक हाई प्रोफाइल पार्टी में दोनों को साथ देखा गया। इस पार्टी की इनकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पार्टी की जो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, उसमें ऐश्वर्या राय आनी मां बृंदा राय और पति अभिषेक बच्चन के साथ दिख रही हैं। लंबे समय बाद अभिषेक और ऐश्वर्या किसी पब्लिक इंवेट या पार्टी में नजर आए हैं। दोनों के साथ नजर आने से इनके तलाक की खबरों को अब पूरी तरह से विराम लग गया है। ऐश्वर्या और अभिषेक की वायरल फोटो अनु रंजन ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ देर पहले शेयर की है।



# तीन पौराणिक किरदारों में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल छावा में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, महावतार में विक्की चिरंजीवी परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे और फिल्म अश्वत्थामा में विक्की कौशल अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। इन तीनों ही फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा चुकी है। हर एक फिल्म में विक्की का किरदार अनोखा होगा। मैडॉक फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित है। निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हुई थी। फिल्म महावतार योद्धा चिरंजीवी परशुराम की कहानी पर आधारित होगी। इंस्टाग्राम पर महावतार को लेकर एक पोस्ट जारी किया था और लिखा था, 'दिनेश विजन धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत करेंगे।'




epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## हमारा आशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life

संपर्क करें : 90181 81813

### ऑफिस बॉय

**तत्काल आवश्यकता है-** ऑफिस मे काम करने के लिए ऑफिस बॉय की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 2 से 5 वर्ष, उम्र 20 से 30 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:-** 9109222000. (RO-3143)

### डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** कोरियर कंपनी को **पार्सल** डिलीवरी कार्य हेतु 15 लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन 12000 + पेट्रोल एवं अन्य भत्ते, बाइक एवं मोबाइल फोन धारी 10वीं पास **संपर्क करें ओम एंटरप्राइजेस जब्बल टावर, सिविल लाइन, रायपुर** 8770078441, 9826124088.(RO-3792)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** दवा दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें :-नाहर मेडिकल स्टोर्स शॉप नंबर 39 सिविक सेंटर भिलाई** (आरो न.-638)

### सेल्स/ मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** प्रत्येक तहसील एवं जिले स्तर रिसर्च बेस आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स के सेल्स एवं मार्केटिंग हेतु डाक्टर्स, मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव, वैद्य तथा अनुभवी लोगों की आवश्यकता है। **आय** 20000- 50000/- **प्रतिमाह:-** 9713517535, 9300494000. (RO-334)

### मैनेजर/सेल्समैन

**REQUIRED-** Padmini Creation- Surya T.I Mall (Readymade Garment Showroom),Vacancy For, Showroom Manager-2, Experienc Salesman/Girls-4, 9039899116, 7869965800. (आरो न.-6398)

### ड्रायवर/मुंशी

**आवश्यकता है-** शादी-शुदा, छत्तीसगढ़ निवासी, अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए , आकर्षक वेतन। तापड़िया फटाखा के ऊपर, 2nd फ्लोर नेमीचंद, गली राम सागर परा, **रायपुर मोबाइल नंबर** 9302296492, 7000823851.(RO-6435)

**आवश्यकता है-** ट्रेडर्स कंपनी रायपुर को गिट्टी ईटा रेती कार्य हेतु ट्रैक्टर ड्राइवर व मुंशी की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:-** 9329847040.(RO-3137)

### सिविल इंजीनियर/मैनेजर

**आवश्यकता है-** भिलाई में स्थित सिविल इन्फ्रा में कार्यरत फर्म को अनुभवी सिविल इंजीनियर। डिप्लोमा होल्डर प्रोजेक्ट मैनेजर के लिए-2 पद। कांकेर जिले के अभ्यार्थी को प्राथमिकता वेतन एवं अन्य भत्ते योग्यतानुसार **संपर्क करें:- मो.-** 7722828505. (RO-1)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैन्टीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812.(RO-36135)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, **संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)** Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

**आवश्यकता है-** शासकीय संस्था में फुल/पार्ट टाइम बीमा कार्य हेतु बीमा सखी/बीमा मित्र आयु सीमा 18 से 70 वर्ष योग्यता न्यूनतम 10वी पास मासिक मानदेय 7000/- प्रतिमाह +कमीशन **संपर्क:-** 9425460778. (RO-3145)

### फर्मासिस्ट

**Wanted-** Requirements Klarris Pharmaceuticals Pvt Ltd Division General, HQ- Raipur/ Bilaspur/ Rajnandgaon/ Ambikapur/ Pathalgaon Post MR (Medical Representative) Male/ Female. Qualification- B.Pharma/ B.Sc/ D.Pharma/ B.Com/ B.A (Min 1yrs Experience or Freshers) Age- Less Than 35yrs. CTC- Negotiable Contact- Klarris Tower Raipur 9329684981, 7000263019 Interview 10, 11, 12 December (10AM To 6PM) (RO-36196)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** भिलाई में स्थित आयरन स्टील ट्रेडिंग में कार्यरत फर्म को अनुभवी एकाउण्टेंट, जीएसटी एवं वित्त से संबंधित अनुभवी अभ्यार्थी न्यूनतम अनुभव 6 वर्ष, 2 पद वेतन एव अन्य सुविधाएं योग्यतानुसार **संपर्क करे:-** 7722828505.(आरो न.-6400

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** 7471176423.(RO-36162)

### सर्विस

**उपलब्ध है-** बिजनेस सब्जी बाड़ी वालो के Stacking के लिए अलग अलग Rate का बांस उपलब्ध है। बिल्डिंग ठेकेदार के लिए बड़े बांस अलग अलग Rate पर उपलब्ध हैं। **मो.-** 79992-33369(आरो न.-1843)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:-** 6294162526. (RO-3128)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें-** 8240426971, 8981475043.(RO-816)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें-** 7450945537.(RO-751)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

### Property प्रापर्टी

### बंगला/फ्लैट

**बेचना है-** रायपुर में VIP चौक पर ऐश्वर्या रेसीडेंसी में 4 BHK बंगला, इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा में 3 BHK डुप्लेक्स, VIP रोड पर मौलीश्री विहार में 4 BHK बंगला, न्यू धमतरी रोड पर मारुति हेरिटेज में 3 BHK फ्लैट बेचना है 9340033105, 8871343000, 7724953129. (RO-3148)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### मकान

**मकान बेचना है-** मकान बेचना है थर्ड फ्लोर का फुलफर्निस्ड 5बीएचके, फॉलसीलिंग, ईस्ट फेसिंग, 1763 वर्गफुट प्लॉट, 5000 वर्गफुट सुपर बिल्टअप। कीमत 1 करोड़ 40 लाख। पता- रामालाइफ सिटी, सकरी बिलासपुर **सम्पर्क करें-** 7224067515, 9993601279 (RO-36163)

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** भाटागांव से 4 किलोमीटर नगर निगम क्षेत्र के अंदर आवासीय प्लॉट बेचना है तथा विनायक सिटी के पास 40x40=1600 वर्गफिट डायवर्टेड प्लॉट बेचना है। **संपर्क-** 9300219970, 9329527913.(RO-326)

### For Rent किराया

**किराये से देना है-** फर्स्ट फ्लोर पर एक कमरा डबल बेड का किराया पर देना है। **मंडी गेट के सामने पंडरी** ,9575470100.(RO-2466)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** लोन, लोन, लोन गुरुकृपा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओ के लिए विशेष छूट **संपर्क:-** 9201641302. (RO-3146)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अर्जेन्ट आवश्यकता है -** रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 **पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :-** 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED **434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:-** 7746000016, 7747000019, 7747000016. (RO-3114)

### लेबर

**तुरंत आवश्यकता है-** राजनांदगांव के पास फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। परिवार वालों (पति-पत्नि) को प्राथमिकता। **संपर्क :-** 7722916130.(आरो न.-6399)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** रावाभाटा में कार्य करने हेतु स्मार्ट ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। वेतन 19 से 20 हजार **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, फफाडीह चौक, रायपुर**(RO-394)

**आवश्यकता है-** दुर्ग शर्मा लाईट में कार्य करने के लिये लड़का / लड़की की आवश्यकता है, 4 विलर गाडी चलानी आती हो और लाईसेन्स होना चाहिये। वेतन योग्यतानुसार दुर्ग भिलाई वालो को प्राथमिकता। **संपर्क :-** 93034-02777, 98271-79204.(आरो न.-637)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु आईसीयू ड्यूटी डॉक्टर, योग्यता एमबीबीएस/ बीएएमएस । स्टाफ नर्स, योग्यता बीएससी / जीएनएम। एंडोस्कोपी टेक्निशियन योग्यता डिप्लोमा इन एंडोस्कोपी। बिलिंग एग्जीक्यूटिव योग्यता ग्रेजुएट । सैलरी अनुभव एवं योग्यता अनुसार अपना आवेदन एवं बायोडाटा भेजे **मो.** 7773010950 Email- hrmanger@sparshbhilai.com (आरो.-SPD/835)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में कार्य करने हेतु युवक व युवतियों की वेतन योग्यतानुसार 10वीं 12वीं पास या कम पढ़े-लिखे भी **संपर्क कर सकते हैं पता- अजंता बुक डिपो रायपुर मो.** 9302566690.(RO-6436)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर में पेंट दुकान में कार्य करने हेतु पढ़े लिखे लड़कों की आवश्यकता है,**संपर्क करे - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक । मोबाइल 9893159580,** 9425506411.(RO-373)

### सुरक्षागार्ड

**तत्काल आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10 वर्ष, उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:-** 9109222000. (RO-3144)

### टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर** 9826652461.(RO-3133)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में काम करने हेतू सेल्समेन, सेल्सगर्ल, अकाउंटेंट, एवं हेल्पर की आवश्यकता है रायपुर लोकल रहने वाले ही **संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर** Mob. 9425216364, 9425522576.(RO-3142)

### टीचर

**आवश्यकता है-** अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु कंप्यूटर (PGDCA एवं TALLY का ज्ञान) गणित, अंग्रेजी विषय हेतु एवं गार्ड- (परिवार सहित रहने की सुविधा) **संपर्क- तुलसी बाराडेरा रायपुर मोबाइल-** 6263349364.(RO-6434)

**Requirment-** National Convent School Bhilai-3 requires PGT, TGT for English, Mathematics, Science, and Social Science and NTT. Interested teachers can contact with their resume. School reception contact no - 0788-3574326,78983-16844.(आरो न.-636)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग, हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही ख़राब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उँगलियों का टेढ़ा पन, घुटने मे दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफ़ेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चूका हैं, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस हैं जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया(मूत्र मार्ग से पस जाते)हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय हैं ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रेक्चर बूँद-बूँद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ.एच.सी.अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर है। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**खबर संक्षेप**

## जंगली जानवरों का आतंक बढ़ा, भालू के हमले से तीन घायल



**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम बिहाझर में भालू के हमले से तीन लोग घायल हो गए है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलो की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने उनको रायपुर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिहाझर के गोठान से रात्रि 9 बजे दो भालू गांव में घुस आए । जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक भालू ने गांव के तीन लोगों को घायल कर दिया। घायल तीर्थी साहू ( 39 वर्ष), खोगेश्वर साहू (45 वर्ष) एवं सुखराम यादव (50 वर्ष) को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया । सूचना पर मौके पर पहुंचा वन अमले ने घायलों को एक-एक हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किया। वही दूसरा घटना चंडी माता मंदिर जाने वाले मार्ग की है जहां एक लकड़बग्घा सड़क में पड़े अजगर का शिकार करते नजर आया।

## हवन सामग्री की फैक्ट्री में लगी आग

महासमुंद। औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के एक हवन सामग्री फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई। सुबह-सुबह आग लगने की इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारण अब तक अज्ञात है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में प्लाट नंबर 126 में गणेश हवन सामग्री फैक्ट्री संचालित है। आज सुबह करीब सात बजे वहां कार्यरत कर्मी ने कैलाश राठी को फोन पर आग लगने की जानकारी दी बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी समय बाद आग पर काबू पाया। श्री राठी ने बताया कि आग लगने की इस घटना में मशीन सहित कच्ची सामग्री व अन्य सामान जलकर राख हो गया जिससे उन्हें 40-50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### मुठभेड़ : घायलों की स्थिति सामान्य, इलाके में सर्चिंग तेज, डेढ़ घंटे तक चली फायरिंग

# बीजापुर के पामेड़ के जीडपल्ली कैंप में नक्सली हमला, दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सलियों ने बीती रात बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित पामेड़ थाना क्षेत्र के जीडपल्ली पुलिस कैंप में हमला किया। इस हमले में मोर्चा में तैनात जवानों को चोट आई है। दोनों ओर से डेढ़ घंटे तक भीषण गोलाबारी होती रही जिसके बाद नक्सली जवाबी कार्रवाई में भाग गए। गुरुवार रात लगभग 7.30 बजे नक्सलियों ने कैम्प में हमला किया। फायरिंग शुरू होते ही जवानों ने भी तत्काल मौर्चा सभांल जवाबी फायरिंग की। बताया जा रहा है कि तेलगांना व बीजापुर के सरहदी क्षेत्र जीडपल्ली में दो दिन पहले ही नया पुलिस कैंप खोला गया था जिसका नक्सलियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। कैंप के आउटर कॉर्डन में सुरक्षा पर तैनात जवानों व नक्सलियों के बीच भीषण फायरिंग में तीन जवानों को सामान्य चोट आई हैं। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नक्सलियों ने फायरिंग के साथ ही बीजीएल बम भी दागा। घायल जवानों में डीआरजी आरक्षक गजेन्द्र गटपल्ली व कोबरा बटालियन के आरक्षक विकास पाण्डे शामिल है जिन्हें स्पिलिंटर लगने से सामान्य चोट आई है और इनका उपचार कैम्प में ही किया जा रहा है। नक्सलियों के हमले की सूचना पर एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव के अलावा सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा व कमांडेट 228 बटालियन लतीफ कुमार साहू समेत कई आला अधिकारियों की टीम मौजूद थी।

**बौखलाहट में कर रहे हमला**

नए पुलिस कैम्प में नक्सलियों ने हमला किया जिसका जवानों ने बहादुरी से मुकाबला किया। हमले के बावजूद जवानों के हौसले बुलंद है। नक्सली बौखलाहट में घटना को अंजाम दे रहे है। हमले के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।
**-सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर।

## ग्यारह लाख के पांच नक्सलियों ने किया समर्पण



**बीजापुर।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शुक्रवार को 11 लाख रुपये के इनामी सहित पांच नक्सलियों ने नक्सलवाद से तौबा करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक 189 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न घटनाओं में शामिल 473 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया हैं। बस्तर आईजी, डीआईजी दंतेवाड़ा, सीआरपीएफ डीआईजी ऑप्स व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाइटर, कोबरा व सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयासों से तथा सरकार की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति तथा जिले में चलाए जा रहे नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर पश्चिम बस्तर डिवीजन के कंपनी नम्बर 2 के सेक्शन ए सदस्य, पार्टी सदस्य, जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 5 नक्सलियों ने नक्सलवाद की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर शुक्रवार को पुलिस व सीआरपीएफ के आला अफसरों के सामने नक्सलवाद से तौबा करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में संतु कोडमे, पायकु पुनेम, गुड्डु हपका, सोमारू माड़वी व भीमा कश्यप शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25 - 25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई।

■ अब तक 189 नक्सलियों ने डाले हथियार

## मंदिर से मूर्तियां चोरी कर घर में छिपाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्राम चिद्दो के मंदिर से भगवान की मूर्तियां चोरी करने एवं पूजा के सामान को बिखेरने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी ने मूर्ति चोरी कर अपने घर के आलमारी में छिपाकर रखा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी दीपक कुमार साहू 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो ने 3 दिसंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ग्राम चिद्दो से डोंगरगढ़ आने वाले रोड किनारे नाला पुल के पास स्थित एक सार्वजनिक पुरानी मंदिर। जिसमें श्रीगणेश मूर्ति, शिवलिंग, बैल मूर्ति एवं हनुमानजी की मूर्ति विराजमान किया गया था। वह 3 दिसंबर को सुबह पूजा करने आया तो देखा कि हनुमान भगवान की मूर्ति नहीं था। इससे पहले 1 दिसंबर को गणेश मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति एवं बैल मूर्ति नहीं था। 3 दिसंबर को हनुमानजी का मूर्ति नहीं होने पर शंका हुआ कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है एवं पूजा सामान को बिखेर दिया है। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचा है।

**मूर्तियां बरामद**

पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर आलमारी से श्रीगणेश की मूर्ति, शिवलिंग, बैल मूर्ति एवं हुनमानजी की मूर्ति को बरामद कर मोटर साइकिल सहित जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक गणेश चौहान, आरक्षक प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख एवं सायबर सेल से सहायक उपनिरीक्षक सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत राव एवं आरक्षक प्रवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 51/ZONE 08/2024 RAIPUR DATED : 05/12/2024

Online bids are invited for the following works up to 30/12/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable Amount of contract (in Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 162474 | वीर सांवरकर नगर वार्ड अंतर्गत स्थित शा.उ.मा. शाला हीरापुर में शेड निर्माण कार्य, सीपेज मरम्मत, व छत्त वाटर प्रुफिंग कार्य। | 32.00 |
| 2 | 162476 | माधवराव सप्रे वार्ड पं. गिरजा शंकर उ.मा.शाला में शेड तथा बालक बाथरूम निर्माण। | 25.00 |
| 2 | 162478 | संत रविदास वार्ड स्थित शा.उ.मा. विद्यालय सरोना में शेड निर्माण कक्ष में टाईल्स लगाने खेल मैदान विकास तथा अन्य कार्य। | 40.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from 06/12/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 08
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)


## ट्रक की ठोकर से अकोला महाराष्ट्र के पिकअप सवार दर्जनभर लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



पुराना धमतरी-रायपुर मार्ग में नगर पंचायत भखारा के पास अकोला महाराष्ट्र से राजाराव पठार मेला सामान बिक्री करने के लिए जा रहे दर्जनभर पिकअप सवार को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे पिकअप सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे भखारा में हुई। रायपुर से आ रहे अकोला महाराष्ट्र के कुछ लोग पिकअप में सवार होकर राजाराव पठार मेला में सामान की बिक्री करने के लिए जा रहे थे। महिन्द्रा पिकअप सीजी 04 टीटी 3873 आगे चल रही थी। उसके पीछे बोलेरो पिकअप सीजी 04 एनयू 6146 चल रही थी। भखारा प्रवेश द्वार के पास रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने दोनों पिकअप को ठोकर मार दी जिससे पीछे चल रही पिकअप डिवाईडर और साईन बोर्ड में टकराने के बाद पलट गई। पलटने के बाद अफरा-तफरी मच गई। हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये जिसमें 3 गंभीर बताये गये हैं। सूचना मिलते ही भखारा तहसीलदार भूपेन्द्र चंद्राकर, नायब तहसीलदार विनोद बंजारे, थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायलों को 108 एम्बुलेंस और हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से भखारा अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि दोनों पिकअप को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक साइकल को रौंदते हुए धमतरी की ओर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात ट्रक की तलाश कर रही है।


**CAVEAT NOTICE**

That, the State Government has decided to construct the Nalanda Library cum Cafeteria at Ward No. 21 of Municipal Corporation Raigarh District Raigarh for which under the provisions contained in the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 and the Chhattisgarh Municipalities (The Conduct of Business of the Mayor-In-Council/ President-In-Council and the Powers and Functions of the Authorities) Rules, 1998 and under C.S.R. Head, an administrative sanction and permission for floating of Notice Inviting Tender (NIT) for construction of Nalanda Library cum Cafeteria and further for appointment of construction agency has been accorded vide order dated 04/10/2024 and pursuant to the said order, the NIT was floated and in response to which bids from certain bidders /contractors/ firms were received and after scrutiny, one M/s Deepak Pandey, Kankali Para, Raipur has been found to be the lowest bidder and accordingly a letter of acceptance dated 05/12/2024 has been issued to M/s Deepak Pandey, Kankali Para, Raipur. That, in the event of filing of writ petition against the aforesaid orders and letter of acceptance issued in favour of M/s Deepak Pandey, Kankali Para, Raipur accompanied with the application for grant of interim relief, it would be imminent in the interest of justice to afford an opportunity of hearing to the Caveator/ State of Chhattisgarh before passing any interim /stay/ protective order, in the ends of justice.

The address for notice to the caveator is being given hereinbelow.

"The Advocate General,
Office of the Advocate General,
Chhattisgarh High Court Campus,
Bodri, Bilaspur (CG.)"

BILASPUR
DATED

(SANJEEV PANDEY)
DY. ADVOCATE GENERAL
COUNSEL FOR THE CAVEATOR / STATE

G- 242504410/3



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

( प्रथम - आमंत्रण )

सिस्टम निविदा क्र. 162352/ निविदा सूचना क्र. 23 / व.ले.लि./ 2024-25, दिनांक 05.12.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 26.12.2024, 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम : बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत घोंघा मध्यम जलाशय की दांयी तट नहर का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत : रूपये 607.93 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.12.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :**

1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

G- 242504402/5



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

ऑनलाईन चतुर्थबार
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 416

क्रमांक 2693 / निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/2024 रायपुर, दिनांक 05/12/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 13/12/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162481 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lakh) at CGRRDA, Vikas Bhawan, Civil Lines, Raipur, Distt.-Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06/12/2024 से देखी जा सकती है। टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 17/12/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

G-242504392/1


## जन्मदिन मनाने ढाबा गए दोस्तों में पुराने विवाद को लेकर चला चाकू, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दोस्त का जन्मदिन मनाने गए दो युवकों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी ने चाकू से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने भाई के बर्थडे में दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए शेरे पंजाब ढाबा पेंड्री पहुंचे ही थे कि आरोपी आर्यन नायक द्वारा कुछ बात करना है, करके गौरव मेश्राम को वाहन के पीछे साईड लेकर गए, जहां दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर धक्का-मुक्की होने लगा और आर्यन नायक द्वारा गाली-गलौज देते अपने पास रखे चाकू से गौरव मेश्राम को जान से मारने की नियत से उस पर वार किया। जिससे गौरव मेश्राम के शरीर से खून निकलने लगा, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा-109, 296 बीएनएस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक राजू मेश्राम, आरक्षक राजकुमार बंजारा की भूमिका रही।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बलौदाबाजार - भाटापारा**

// मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए द्वितीय निविदा सूचना //

क्रमांक 235/ स्था.निर्वा./पं.आ.निर्वा. / 2024 बलौदाबाजार, दिनांक 04/12/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के निर्वाचन के लिए मतपत्रों के मुद्रण स्थानीय स्तर पर किये जाने हेतु इच्छुक योग्य फर्मों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 09.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन शाखा) द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।
3. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन शाखा) कार्यालय के उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
4. निविदाकार का फर्म जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में कार्यरत होना चाहिए। स्थानीय फर्मों को प्राथमिकता दी जावेगी।

(कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुमोदित)

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
वास्ते-जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242504405/1



**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**
**Shankar Nagar, Raipur**
**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**
Telephone-0771-2443596, 2443496
Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

पत्र क्रं/शिक्षक शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30-1/ प्रवेश/2024-25/4858 रायपुर दिनांक 06.12.2024

**डी.एल.एड./ बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम 2024-25**
**अंतिम चरण के आबंटन कार्यक्रम**

छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय/निजी शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित डी.एल.एड. बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 में प्रवेश परिषद् द्वारा प्री डी.एल. एड./बी.एड./ बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षा 2024 के प्राप्तांक के आधार तीन चरण में किया गया है। तीसरे चरण के पश्चात राज्य के विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थाओं में रिक्त सीटों के विरूद्ध अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार किया जाना है :-

| क्र. | विवरण | बी.एड./डी.एल.एड./बी.ए.बी.एड. व बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए |
|---|---|---|
| | | दिनांक से दिनांक तक |
| 1 | पूर्व चरणों में पंजीकृत अभ्यर्थी जिन्होंने किसी महाविद्यालय / संस्था में प्रवेश नहीं लिया हैं वे निशुल्क (Active एवं Inactive दोनों ID के छात्र) तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होगे वे निर्धारित राशि के शुल्क के साथ किसी एक महाविद्यालय / संस्था का विकल्प ऑनलाइन देने की तिथि । | 07.12.2024 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 10.12.2024 को शाम 5 बजे तक |
| 2 | अंतिम चरण का प्रथम सूची जारी करना । | 12.12.2024 को |
| 3 | महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि । | 12.12.2024 से 16.12.2024 तक (शाम 5 बजे तक) |
| 4 | अंतिम चरण का द्वितीय सूची जारी करना | 19.12.2024 को |
| 5 | प्रवेश की तिथि | 19.12.2024 से 20.12.2024 तक (शाम 5 बजे तक) |
| 6 | अंतिम चरण की अंतिम सूची | 23.12.2024 को |
| 7 | महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि | 23.12.2024 से 24.12.2024 तक (शाम 5 बजे तक) |

शेष नियम व शर्ते परिषद् के वेबसाइट https://scert.cg.gov.in में तथा चिप्स के वेबसाइट https://slcm.cgstate.gov.in/SCERTOnline/ में देख सकते है एवं अभ्यर्थी इसका अवलोकन कर ही पंजीयन की कार्यवाही करें।

(श्रीमती पुष्पा किस्पोट्टा)
प्राध्यापक
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर

S-42352/1



**Nava RaipurAtal NagarVikas Pradhikaran**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

NIT No.: /PRJ/NRANVP/2024 Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 03/12/2024

**Notice Inviting Tender (2nd Call)**

Online Tenders are invited for "**Allotment of Mixed use and Commercial Plots at various locations of Nava Raipur Atal Nagar**". Details of the projects are as below:

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162266 | 9767/R-23 | Mixed-use Residential, **Plot-B21,** Sector-15 | 8,062.526 | 7,634.00 | 62.00 |
| 2 | 162267 | 9768/R-23 | Mixed-use Residential, **Plot C1**, Sector-16 | 15,247.00 | 7,634.00 | 120.00 |
| 3 | 162304 | 9769/R-07 | Commercial **Plot - B-03a**, Sector 21 | 3,736.45 | 9,467.00 | 36.00 |
| 4 | 162306 | 9770/R-07 | Commercial **Plot - B-03d**, Sector 21 | 3,536.98 | 9,467.00 | 34.00 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.

Date and Time of Pre-bid meeting at **12:00 PM on 12th December 2024**

Last Date for Online submission of Tender-**up to 03:00 PM on or before 20th December 2024**

Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid-**up to 03:00 PM on or before 23rd December 2024**

Opening of Technical Bid after **03.30 PM on 23rd December 2024**

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website **https://eproc.cgstate.gov.in**

**Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.**

**Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.**

(Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S-42359/1


## लापता अधेड़ का शव 6 दिन बाद गंगरेल में मिला

**धमतरी।** बीत छह दिनों से लापता अधेड़ का शव गंगरेल के नर्सरी जंगल में संदिग्ध हालत में मिला है। शव में सड़न शुरु हो जाने के कारण पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल से रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री पुलिस को शुक्रवार की सुबह गंगरेल क्षेत्र के ग्राम डांगीमांचा व मानववन के बीच नर्सरी जंगल में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कार्रवाई में जुट गई। शव की पहचान सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी विरेंद्र देवांगन पिता गिरधरीलाल उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्ति की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विरेंद्र कृषि कार्य करता था जो 1 दिसंबर से घर से लापता था। आसपास तलाश करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर 3 दिसंबर को सिहावा थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई गई।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड दन्तेवाड़ा**
(फोन/ फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल - eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्रं./51/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2024 दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 03/12/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र आईटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है ।

कार्य का नाम :- **Empanelment of the Third Party Inspection Agencies (TPIs) under Jal Jeevan Mission work**

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर क्रमॉक | कार्य का विवरण/ ग्राम / विकासखण्ड | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 162395 | The submission of proposal by a consultant/ organization/ agency as Third Party Inspection Agencies (TPIs) for inspection of different works under rural water supply which includes in- village infrastructure works in :- (1) Retrofitting of 53 Villages, (2) New single village schemes in 172 Villages (3) Solar based schemes as a part of SVS or Retrofitting schemes. It implies that consultant/organization/agency has read the detailed EoI | द्वितीय काल | 113.33 |
| | | कुल योग | | 113.33 |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है ।

टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 23.12.2024 है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दन्तेवाड़ा

G-242504400/2

## खबर संक्षेप

### मारुति जनवरी से चार फीसदी कीमतें बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने जनवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की शुक्रवार को घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने सूचना में कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन खर्चों के मद्देनजर कंपनी ने जनवरी 2025 से अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 84.70 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 84.70 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मुद्रास्फीति के जोखिमों का हवाला देते हुए अपनी नीतिगत दर रेपो को अपरिवर्तित रखा, लेकिन नकद आरक्षित अनुपात में कटौती की।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ लाने आवेदन

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष शुक्रवार को प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए। कंपनी दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक की भारतीय शाखा है। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक के 10.18 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है।

# सोने की छड़ें, सिक्कों की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि सरकार सोने के सिक्कों एवं छड़ों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार कर रही है और प्रयोगशाला में तैयार हीरों के लिए भी नियम बनाए जा रहे हैं।

- प्रयोगशाला में तैयार हीरों के लिए भी नियम बनाए जा रहे

खरे ने यहां 'सीआईआई रत्न और आभूषण सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सटीक उत्पाद प्रदान करके उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जरूरत है। खरे ने कहा, /"रत्न और आभूषण क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो निर्यात और रोजगार दोनों में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है।/"

## उपभोक्ता सचिव खरे ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण निर्यातक

खरे ने कहा कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र का बाजार वर्ष 2030 तक 134 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 में करीब 44 अरब डॉलर था। उपभोक्ता सचिव ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण निर्यातक भी है जो देश के कुल निर्यात का लगभग 3.5 प्रतिशत है।



*सोने की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी : खरे ने कहा, /"सोने के सिक्कों एवं छड़ों की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने का प्रस्ताव है और इस पर विभाग विचार कर रहा है।/" उन्होंने कहा, इसके पीछे सोच यह है कि जौहरी सोना आयात कर रहे होते हैं, तो कई बार वे खुद भी उस सोने की गुणवत्ता को लेकर सुनिश्चित नहीं होते हैं।*

### हॉलमार्किंग केंद्रों की संख्या बढ़कर हुई 1600

खरे ने कहा, /"भारत सरकार इस क्षेत्र की क्षमता को पहचानती है और इसे निर्यात संवर्धन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में भी नामित किया है।/" सोने के आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग के बारे में सचिव ने कहा कि पंजीकृत आभूषण विक्रेताओं की संख्या बढ़कर लगभग 1.95 लाख हो गई है जबकि परख एवं हॉलमार्किंग केंद्रों (एएचसी) की संख्या बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है।

### कच्चे माल की गुणवत्ता होगी सुनिश्चित

खरे ने कहा कि प्रयोगशाला में तैयार हीरों की मांग बढ़ रही है। इस अवसर पर रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची रे ने कहा कि कच्चे माल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सोने के सराफा की अनिवार्य हॉलमार्किंग किए जाने की जरूरत है।

### 23 जून 2021 से शुरू हुई अनिवार्य हॉलमार्किंग

सचिव ने सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की 23 जून, 2021 से शुरू हुई अनिवार्य हॉलमार्किंग के सफल कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 40 करोड़ से अधिक स्वर्ण आभूषणों को एक विशिष्ट एचयूआईडी (हॉलमार्क विशिष्ट पहचान) के साथ हॉलमार्क किया जा चुका है।

## गवर्नर ने एमपीसी की बैठक के बाद बातचीत में कहा

# आरबीआई का प्रयास मुद्रास्फीति के 'घोड़े' पर लगाम लगाने पर केंद्रित: गवर्नर दास

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने नीतिगत ब्याज दर को लगातार 11वीं बार अपरिवर्तित रखने पर शुक्रवार को कहा कि उनका प्रयास मुद्रास्फीति रूपी घोड़े को काबू में रखने पर केंद्रित है।

दास ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद बातचीत में कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि के बीच संतुलन 'अस्थिर' हो गया है लेकिन इसे दोबारा सही स्थिति में लाने के लिए सभी तरीके आजमाए जाएंगे। उनका इशारा दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि के उम्मीद से कहीं कम 5.4 प्रतिशत रहने और अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से अधिक रहने की तरफ था।

### दास अगले हफ्ते अपना दूसरा कार्यकाल पूर्ण कर रहे

आरबीआई गवर्नर के तौर पर अगले हफ्ते अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे दास ने यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया कि लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण की 'विश्वसनीयता' भविष्य में भी बनी रहे। दास ने कहा, /"(मुद्रास्फीति) घोड़ा सरपट भागने की दिलेरी से कोशिश कर चुका है। हमारा प्रयास है कि इसकी लगाम खींच कर रखी जाए।/"

### केंद्रीय बैंक ने जीडीपी वृद्धि के अनुमान को किया कम

केंद्रीय बैंक ने बढ़ी हुई मुद्रास्फीति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को काफी कम करके 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक के लिए 'आकस्मिक' प्रतिक्रिया की कोई गुंजाइश नहीं होती है और कोई भी कार्रवाई उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार करने के बाद समय पर की जाएगी।



- मुद्रास्फीति और वृद्धि के बीच संतुलन अस्तिर हो गया
- दोबारा सही स्थिति में लाने सभी तरीके आजमाए जा रहे
- दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि उम्मीद से कम रही

### मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य के करीब आई

दास ने कहा, /"वृद्धि और मुद्रास्फीति की गतिशीलता के बीच संतुलित चरित्र कुछ हद तक अस्थिर हो गया है। हमारा प्रयास अब उस संतुलन को बहाल करने का है। इसका मतलब है कि हम मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य (चार प्रतिशत) के करीब आ जाए। हम वृद्धि को भी तेज होते हुए देखना चाहते हैं।/"

### दूसरी छमाही में वृद्धि दर बेहतर होगी

इसके साथ ही दास ने उम्मीद जताई कि दूसरी छमाही में वृद्धि दर पहली छमाही के मुकाबले काफी बेहतर रहेगी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में दूसरी छमाही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही से बेहतर दिख रही है।

### आरबीआई का कदम संतुलित : रियल एस्टेट

जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों तथा विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर को यथावत रखने और सीआरआर में कटौती का फैसला आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बनाये रखने के लिहाज से एक संतुलित कदम है और यह रियल एस्टेट क्षेत्र की विकास की आवश्यकता के अनुरूप है। हालांकि उन्होंने आवास क्षेत्र को गति देने के लिए अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

### सीआरआर में कटौती से वृद्धि को मिलेगा समर्थन: विशेषज्ञ

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति उम्मीद के मुताबिक है और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई। रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति के जोखिम का हवाला देते हुए अपनी प्रमुख ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन सीआरआर में कटौती की। ऐसे में बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास कम नकदी रखनी होगी। ऐसे में अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए बैंकों के बाद धन बढ़ेगा। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान में भी कटौती की है।

# 'रहेजा निर्वाणा फेज-3' का हुआ भव्य शुभारंभ, मिला शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** रहेजा ग्रुप ने अपने प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा निर्वाणा' के तीसरे फेज का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को कचना में किया। फेज 1 और 2 की अपार सफलता के बाद यह तीसरा फेज लांच किया गया है और इसमें कई नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इस प्रोजेक्ट का प्रमुख आकर्षण यहां का मिनी वाटर पार्क है, जिसे विशेष रूप से बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है। यह सुविधाएं रायपुर के किसी भी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में पहली बार उपलब्ध कराई जा रही हैं।



- पहली बार रायपुर के किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में मिनी वाटर पार्क की सुविधा

रहेजा निर्वाणा के तीसरे फेज में जिम, स्विमिंग पूल, योगा गार्डन और लैंडस्केप्ड गार्डन्स जैसी अनेक सुविधाएं दी गई हैं, जो इस प्रोजेक्ट को खास बनाती हैं। प्रोजेक्ट की लांचिंग में रहेजा ग्रुप के संस्थापक प्रकाश रहेजा, डायरेक्टर दीपक रहेजा और संजय रहेजा ने दीप प्रज्वलन कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनुष्का रियल्टीज के डायरेक्टर अंकुर अरोरा एवं कई प्रमुख लोग और रहेजा ग्रुप के ग्राहक भी उपस्थित थे। तीसरे फेज की लांचिंग में लोगों का शानदार रिस्पांस मिला। लोगों ने साइट विजिट कर इस प्रोजेक्ट की खूबियों की सराहना की। विशेष रूप से यहां के प्राकृतिक वातावरण की शांति और सुविधाओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा रहेजा निर्वाणा में श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जिससे प्रोजेक्ट का शुभारंभ भक्तिमय हो गया।

### बुकिंग पर ग्राहकों को उपहार दिए जा रहे

रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि यह लांचिंग कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा और इसमें बुकिंग करने पर ग्राहकों को उपहार दिए जाएंगे। हमें पहले और दूसरे फेज में बेहतरीन रिस्पांस मिला है और हम विश्वास करते हैं कि तीसरे फेज में भी यह प्रोजेक्ट शानदार सफलता हासिल करेगा।

# अविनाश ग्रुप के प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट 'अविनाश नियोपोलिस' की लांचिंग आज



- 3 और 4 बीएचके प्रीमियम अपार्टमेंट और लिमिटेड एडिशन पेंट हाउस का विकल्प उपलब्ध


**रायपुर।** मध्य भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप द्वारा शनिवार को भाठागांव में 'अविनाश नियोपोलिस' प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया जाएगा। इस दो दिवसीय लांचिंग कार्यक्रम में साइट विजिट और स्पॉट बुकिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रोजेक्ट में 3 और 4 बीएचके प्रीमियम अपार्टमेंट और लिमिटेड एडिशन पेंट हाउस का विकल्प उपलब्ध होगा। यह प्रोजेक्ट पांच ब्लॉक टॉवर्स और लगभग 400 अपार्टमेंट्स के साथ आएगा, जिसमें एक शानदार पेंट हाउस भी शामिल है। प्रोजेक्ट की लोकेशन भाठागांव के केंद्रीय क्षेत्र में, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के पास स्थित है। इस प्रोजेक्ट में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। यहां क्लब हाउस, दो कवर किए गए बैडमिंटन कोर्ट्स, बैंक्वेट हॉल, इंडोर गेम्स, जिम, टेबल टेनिस, पूल टेबल, बोर्ड गेम्स, स्विमिंग पूल, मंदिर, मल्टीपर्पज लॉन, मल्टीपर्पज कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, सीटिंग एरिया, नेट क्रिकेट के साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# सोना अपरिवर्तित, चांदी में 300 रुपए की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी शुक्रवार को 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स पर सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि बाजार को अमेरिका में आज शाम जारी होने वाले महत्वपूर्ण गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों का इंतजार है। त्रिवेदी ने कहा, ''ये आंकड़े फेडरल रिजर्व के नीतिगत दृष्टिकोण को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जबकि सोना में तेजी बनी हुई है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स (जिंस बाजार) सोना वायदा 0.42 प्रतिशत बढ़कर 2,659.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।



- सोना 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित
- चांदी गिरावट के साथ 93,500 रुपए प्रति किग्रा पर आई

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले के सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 656.58 अरब डॉलर रहा था। इसके भी पिछले सप्ताह, विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड 17.76 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 568.85 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 59.5 करोड़ डॉलर घटकर 66.98 अरब डॉलर रहा।

# ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामले में गोयल ट्रेडर्स पर कार्रवाई



**रायपुर।** दिल्ली डिस्ट्रिक्ट रोहिणी कोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर्स ने शुक्रवार को दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स द्वारा बनाए जा रहे चुस्की चाय और चुरकी चाय प्रोडक्ट्स पर ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन की कार्रवाई की। जैन ट्रेडर्स के मालिक यशवंत जैन द्वारा उनकी रजिस्टर ब्रांड जैन चुस्की चाय के ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन को रोकने के लिए अपने अधिवक्ताओं द्वारा दिल्ली की कमर्शियल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट रोहिणी में ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन का सूट दायर किया था। जिसमें कोर्ट द्वारा एक्स-पार्टी आर्डर देते हुए कोर्ट ने लोकल कमिश्नर्स नियुक्त किया था। कमिश्नर को दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स एवं राकेश प्रोविजिनल स्टोर, कवर्धा पर जाकर सर्च एंड सीजर की कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। लोकल कमिश्नर के द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया और राकेश प्रोविजिनल स्टोर, कवर्धा पे चुस्की चाय और चुरकी चाय के सभी प्रोडक्ट्स, बोर्ड, बिल्स और अन्य सामग्री को सीज किया गया। कोर्ट के आदेश के अनुसार अब से गोयल ट्रेडर्स द्वारा चुस्की चाय और चुरकी चाय के नाम से स्टे कोर्ट में हैं अब इस नाम से वो चाय का प्रोडक्शन एवं बिक्री नहीं कर सकेंगे।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# अब क्रेडिट कार्ड से दूरी बना रहे लोग, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

एजेंसी ⏭ मुंबई



जारी एक रिपोर्ट के अनुसार क्रेडिट कार्ड से हाल फिलहाल में लोगों ने दूरी बनाना शुरू कर दिया है। बीते एक साल में नया कार्ड जारी करने की संख्या में 50 फीसदी तक की गिरावट आई है। जहां पिछले साल अक्टूबर में 16 लाख कार्ड इश्यू किए गए थे, वहीं साल 2024 में इस दरमियान महज 7.8 लाख कार्ड ही जारी किए गए। असुरक्षित लोन के खतरे को देखते हुए रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड इश्यू करने वाले बैंकों को जोखिम पूंजी के तौर पर 25 फीसदी से अधिक रकम अलग रखने के लिए कहा। हालांकि इसके बावजूद बैंक क्रेडिट कार्ड इश्यू करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

- बीते एक साल में नया कार्ड जारी करने की संख्या में 50 फीसदी आई गिरावट

### क्रेडिट कार्ड से खूब हो रहे खर्चे

हालांकि अगर सिर्फ सालाना आधार की बात करें, तो पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले इस साल इसी महीने में क्रेडिट कार्ड इश्यू होने की संख्या में 45 फीसदी की गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अक्टूबर 2024 में क्रेडिट कार्ड से हुए खर्च की कुल राशि 1.78 ट्रिलियन तक पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 13 फीसदी अधिक है।

### मई 2024 में सबसे अधिक कार्ड हुए इश्यू

घरेलू ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि जहां अक्टूबर में एचडीएफसी बैंक ने सबसे अधिक 24 फीसदी नए क्रेडिट कार्ड इश्यू किए, वहीं एसबीआई ने 20 फीसदी और आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक ने 7.8 लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए। बीते कई सालों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए मई 2024 में बैंकिंग सेक्टर अब तक के सबसे कम 7.6 लाख ग्राहकों को ही क्रेडिट कार्ड से जोड़ने में सफल रहा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी :** मेजबान सिर्फ 94 रन से पीछे, नौ विकेट शेष

# भारतीय टीम 180 रन पर ढेर, स्टार्क को छह विकेट, ऑस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी ▶▶| एडीलेड

अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत को 180 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

मेजबान टीम अब भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 94 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ उस्मान ख्वाजा (13) का विकेट गंवाया है जिन्हें जसप्रीत बुमराह (13 रन पर एक विकेट) ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी 38 जबकि मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं। स्टार्क ने इससे पहले गुलाबी गेंद से पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम सिर्फ 44.1 ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई। उन्हें कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो-दो विकेट चटकाए।



**ह्यूज और रेडपैथ की याद में बांधी काली पट्टी :** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटरों फिलिप ह्यूज और इयान रेडपैथ की याद में भारत के खिलाफ दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ह्यूज की 2014 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से मौत हो गई थी। रेडपैथ का एक दिसंबर को 83 साल की उम्र में बीमारी के कारण निधन हो गया था।

## पहुंचे रिकॉर्ड दर्शक

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एडीलेड ओवल में 36,225 प्रशंसक पहुंचे जो दोनों टीम के बीच पांच दिवसीय मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी का नया रिकॉर्ड है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार पिछला रिकॉर्ड 2011-12 की श्रृंखला के दौरान 35,081 दर्शकों का था।

## स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को स्टार्क | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राहुल का मैकस्वीनी बो स्टार्क | 37 | 64 | 6 | 0 |
| गिल पगबाधा बो बोलैंड | 31 | 51 | 5 | 0 |
| कोहली का स्मिथ बो स्टार्क | 07 | 08 | 1 | 0 |
| पंत का लाबुशेन बो कमिंस | 21 | 35 | 2 | 0 |
| रोहित पगबाधा बो बोलैंड | 03 | 23 | 0 | 0 |
| रेड्डी का हेड बो स्टार्क | 42 | 54 | 3 | 3 |
| अश्विन पगबाधा बो स्टार्क | 22 | 22 | 3 | 0 |
| हर्षित राणा बो स्टार्क | 00 | 03 | 0 | 0 |
| बुमराह का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 08 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 04 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 44.1 ओवर में 180/10
गेंदबाजी : स्टार्क 14.1-2-48-6, कमिंस 12-4-41-2, बोलैंड 13-0-54-2, लियोन 1-0-6-0, मार्श 4-0-26-0.




## झारखंड ने जीता जूनियर महिला हॉकी का खिताब

**सिकंदराबाद।** हेमरोम लियोनी के गोल की मदद से हॉकी झारखंड ने शुक्रवार को यहां फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को 1-0 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। मैच का एकमात्र गोल 15वें मिनट में हुआ जब जमुना कुमारी ने बाएं छोर से ड्रिबल करते हुए गेंद लियोनी को दी, जो प्रतियोगिता में अपना सातवां गोल करने में सफल रही। झारखंड ने इस तरह से अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए चैंपियनशिप जीती। तीसरे-चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में ओडिशा ने मिजोरम को 4-3 से हराया।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY
में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है
किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

# भारत-बांग्लादेश में होगा अंडर-19 एशिया कप का फाइनल

एजेंसी ▶▶| शारजाह

वैभव सूर्यवंशी की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप वनडे के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को 170 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी।

श्रीलंका की पारी को 46.2 ओवर में 173 रन पर समेटने के बाद भारत ने सूर्यवंशी की 36 गेंद में 67 रन की ताबड़तोड़ पारी के बूते तीन विकेट



गंवाकर महज 24.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपए में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाए। रविवार को दुबई में खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने बांग्लादेश की चुनौती होगी। बांग्लादेश ने एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के लिए मिले 117 रन के लक्ष्य को महज 22.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।




## भारत ने विश्व चैंपियनशिप में जीते एक स्वर्ण सहित 6 पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप के हांगकांग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल किए। हांगकांग में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में वंशिक कपाड़िया और वृशाली ठाकरे ने 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

कुलदीप महाजन ने भी दक्षिण कोरिया की किम युंग ग्वोन के साथ मिलकर इसी वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वंशिक (19 प्लस ओपन पुरुष एकल) तथा करीना आदित्य द्विपयानी और वृशाली ठाकरे (19 प्लस महिला युगल) ने भी दो रजत पदक जीते। ईशा लखानी और रूस वान रीक तथा मयूर पाटिल और नीलसन चेन ने क्रमशः 19 प्लस ओपन महिला युगल और 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

## सिल्वा ने संभाला शाह की जगह एसीसी अध्यक्ष पद

**दुबई।** श्रीलंका के शम्मी सिल्वा ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। उन्होंने भारत के जय शाह का स्थान लिया है, जो हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष बने हैं। शाह ने एसीसी अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के बाद पद खाली कर दिया था। यह एसीसी में सिल्वा की पहली भूमिका नहीं होगी। वह पहले इस संस्था की वित्त और विपणन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। सिल्वा ने यहां जारी बयान में कहा, 'एशियाई क्रिकेट परिषद का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। क्रिकेट एशिया की धड़कन है और मैं खेल को ऊपर उठाने, उभरती प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और हम सभी को एकजुट बनाए रखने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'



## विश्व शतरंज चैंपियनशिप : लिरेन पर जीत से बढ़त बनाने उतरेंगे गुकेश



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

लगातार छह ड्रॉ और कुछ मौके गंवाने के बाद तेजतर्रार चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन शनिवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 10वीं बाजी में जीत के साथ बढ़त हासिल करने के लिए बेताब होंगे। गुकेश ने जीत के कई मौके गंवाए लेकिन फायदे की स्थिति को जीत में नहीं बदल सके।

इस 25 लाख डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में अब सिर्फ पांच और क्लासिकल बाजियां खेली जानी बाकी हैं और ऐसे में 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी शुक्रवार को एक दिन के आराम के बाद गतिरोध को तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करना चाहेगा। गुरुवार को लगातार छठी बाजी और मुकाबले की कुल सातवीं बाजी थी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांटे।

इस ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 4.5 अंक हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से तीन अंक कम हैं। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी जबकि गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही। अगर इतिहास की बात करें तो अगर आठ बाजियों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर हो तो गत चैंपियन मैच जीत जाता है।






दूसरे विश्वयुद्ध से मची तबाही में करोड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। यही कारण है कि जब भी तीसरे विश्वयुद्ध की बात होती है तो लोग डर जाते हैं। लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि अगर तीसरा विश्वयुद्ध हुआ तो उसके बाद इंसान किसी हॉलीवुड फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो जाएंगे।



# तीसरे विश्वयुद्ध के बाद बुलेटप्रूफ बन जाएंगे इंसान, उड़ने के लिए निकल आएंगे पंख

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

इनकी त्वचा बुलेटप्रूफ और जन्मजात निंजा कौशल हो सकते हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टिम कॉल्सन जो रॉयल सोसाइटी से सम्मानित एक प्रतिष्ठित प्राणीविज्ञानी और जीवविज्ञानी हैं, उनका मानना है कि परमाणु युद्ध ऐसे विकासवादी परिवर्तन पैदा कर सकता है, जिसके बाद मनुष्यों को पहचान पाना भी मुश्किल हो जाएगा।



### इंसानों में हो सकते हैं आनुवंशिक बदलाव

उनका सुझाव है कि वैश्विक परमाणु संघर्ष के बाद इंसानों में आनुवंशिक बदलाव हो सकते हैं। यह 'सुपरह्यूमन' पैदा कर सकता है जो आज की तुलना में मजबूत, फिट और लड़ने में कठिन होंगे। उनका मानना है कि हम क्रूर वातावरण से निपटने, आश्रयों को तैयार करने और खोई हुई तकनीक और विज्ञान को एक साथ जोड़कर 'हाइपर इंटेलिजेंस' हासिल कर सकते हैं। उनका दावा है कि मनुष्य सिकुड़ सकता है और चमगादड़ की तरह उड़ने के लिए उनमें पंख भी हो सकते हैं।

■ भविष्य में इंसानों के विकास पर वैज्ञानिक ने किया बड़ा दावा

### विकास प्रक्रिया में आ सकती है तेजी

विकास वह प्रक्रिया है, जिसके जरिए मनुष्य सहित दूसरे जीव आनुवंशिक भिन्नता और प्राकृतिक चयन के जरिए समय के साथ बदलती हैं। जीवों में ऐसी चीजें विकसित होती हैं, जिससे जीवित रहने और प्रजनन में सुधार करने के लक्षण बढ़ते हैं। हालांकि पर्यावरणीय आपदाएं, युद्ध, बीमारी और जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएं विकासवादी दिशा में बदलाव ला सकती है। यह विकास प्रक्रिया में तेजी ला सकती है।



### मनुष्यों के पास हो सकते हैं पंख

द यूरोपियन पत्रिका में लिखते हुए उन्होंने कहा कि मानव स्वरूप में बड़े बदलाव होने में लाखों साल लगेंगे। लेकिन, तीसरे विश्वयुद्ध से इसकी शुरुआत हो सकती है। लेकिन उन्होंने कहा, 'भविष्य में, मनुष्य अत्यधिक बुद्धिमान बनने के लिए विकसित हो सकता है और उसके पास अविश्वसनीय ताकत आ सकती है। उसके पास चमगादड़ की तरह उड़ने की क्षमता हो सकती है।' उन्होंने आगे लिखा, 'यह दूर की बात हो सकती है। लेकिन, क्या किसी ने सोचा था कि आधे अरब साल पहले का जीव जो एक छोटी जेलीफिश जैसा था वह मनुष्य में विकसित होगा?'

## 6 साल से नंगे पांव घूम रहा है शख्स, कभी था रेसिंग करियर का हीरो

**न्यूयार्क।** आपने लोगों को नीचे से ऊपर की ओर बढ़ते हुए देखा होगा। जब लोग फर्श से अर्श का सफर तय करते हैं, तो अक्सर ग्लैमर वर्ल्ड में ही गुम हो जाते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो चकाचौंध से दूर अपनी जिंदगी शांति से जीना चाहते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स के बारे में बताएंगे, जिसने एक बेहद ग्लैमरस दुनिया से सीधा सड़कों पर नंगे पांव भटकने का फैसला ले लिया। ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक कभी मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया में स्टार रह चुके एक्सेल पोंस नाम के रेसर ने 6 साल पहले एक अजीब फैसला लिया। ग्लैमर की दुनिया से निकलकर उन्हें सड़कों पर भटकता देख उनके फैंस भी हैरान हो रहे हैं। स्पीड की दुनिया में रहने वाले एलेक्स की लाइफ अब इतनी स्लो है कि उन्हें किसी से आगे निकलने की होड़ ही नहीं रह गई है।



**'बस बहुत हो गई दौड़-भाग' :** एलेक्स बताते हैं कि उन्होंने तीन साल पहले सड़कों पर नंगे पांव घूमना शुरू कर दिया, क्योंकि वो ज़िंदगी में सारे बोझ हटा देना चाहते थे। ऐसे में सिर्फ बैगपैक के साथ वे चलते हैं। उन्होंने पाकिस्तान में नंगे पांव घूमते हुए एक इंटरव्यू दिया, जिसमें वे पहले से बिल्कुल अलग दिख रहे हैं। साल 2008 से 2017 तक स्पेन के रहने वाले एलेक्स ने मोटो2 रेसिंग के 10 सीज़न में हिस्सा लिया था। अब उनका कहना है कि वे रफ्तार से ऊब चुके हैं और अब धीमी जिंदगी जीना चाहते हैं।










विज्ञान भी फेल!

## सच्चे मन से की प्रार्थना तो मूर्तियों पर चिपक जाते हैं सिक्के रहस्यों से भरा है ये किला

एजेंसी ▸▸| सोनभद्र

यूपी के सोनभद्र जिले से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित अघोरी किले की प्राचीन मूर्तियों के रहस्य ने सदियों से लोगों को हैरान कर रखा है। इन मूर्तियों पर सिक्के बिना किसी केमिकल, गोंद या उपकरण के चिपक जाते हैं। यह रहस्य और भी गहराता है जब कुछ लोगों के सिक्के चिपकते हैं और कुछ के नहीं।

सोनभद्र में ऐसी कई अविश्वसनीय और अकल्पनीय कहानियां हैं। लेकिन, अघोरी किले की इन मूर्तियों की कहानी अनोखी है। स्थानीय लोग इसे आस्था से जोड़कर देखते हैं। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि ये मूर्तियां हजारों साल पुरानी हैं। लोगों का मानना है कि सच्चे मन से जो भी इन मूर्तियों से अपनी मनोकामना मांगता है, उसका सिक्का मूर्ति पर चिपक जाता है।



### प्रार्थना में सच्चाई के संकेत

वहीं, जिनके सिक्के नहीं चिपकते, उन्हें यह संकेत माना जाता है कि उनकी प्रार्थना में सच्चाई या श्रद्धा की कमी है। जिनके सिक्के चिपकते हैं, वे मानते हैं कि उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी। यह चमत्कारिक घटना लोगों को न केवल हैरान करती है, बल्कि उनकी श्रद्धा को और भी मजबूत बनाती है।

### तिलिस्मी इतिहास

सोनभद्र के मध्य में स्थित अघोरी किले का इतिहास तिलिस्मी और रहस्यमय है। यहां के रहस्यों में मूर्तियों पर सिक्कों के चिपकने की यह घटना सबसे अनोखी मानी जाती है।

### विज्ञान या आस्था?

हालांकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस घटना की व्याख्या अलग हो सकती है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह उनकी आस्था का प्रतीक है। उनका विश्वास है कि यह चमत्कार भगवान की कृपा का संकेत है। हालांकि, इसका कोई आधार नहीं है। लेकिन, इसी विश्वास के साथ वहां पहुंचते हैं।

### पर्यटकों के लिए आकर्षण

इस रहस्यमय घटना को देखने और खुद आजमाने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। अघोरी किला पर्यटन की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थान बन चुका है। बाहर से आने वाले पर्यटक यहां की ऐतिहासिकता और इस अनोखी घटना को देखने में खास रुचि दिखाते हैं। चाहे यह एक वैज्ञानिक कारण हो या आस्था का चमत्कार, यह स्थान हर टूरिस्ट के लिए एक खास अनुभव देता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com